# A. K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office : 14th K.M. Stone, Chittorgarh Road,
Village : Biliya Kalan, BHILWARA - 311 001 (Raj.)
CIN No. L17117RJ1994PLC008916
Mobile : +91 98870 49006
E-mail : akspintex@gmail.com
web. : www.akspintex.com

Date: 06.11.2024

**The General Manager**
DCS-CRD
**Bombay Exchange Ltd.**
Rotunda Building
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
MUMBAI - 400001.

**Scrip Code: Equity - 539300,**

Dear Sir/Madam,

**SUB: NEWSPAPER ADVERTISEMENT — DISCLOSURE UNDER REGULATION 30 OF SEBI (LISTING OBLIGATIONS AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2015 ("SEBI LISTING REGULATIONS")**

Pursuant to Regulation 30 and 47 read with Schedule III Part A Para A of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose the copies of newspaper advertisement published in Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi- Vernacular), intimating that Extra-Ordinary General Meeting of the Company will be held on Monday, December 02, 2024 AT 1.00 P.M. IST through Video Conferencing / Other Audio Visual Means.

The above information is also available on the website of the Company www.akspintex.com

This is for your information and record.

Thanking You,

Yours faithfully,

**For A.K. SPINTEX LIMITED**

**Ashish Kumar Bagrecha**
**(CS & Compliance officer)**
**M. No.A34182**

## SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED

***(Formerly Fullerton India Credit Company Limited)***

**Corporate Office**: Ground Floor Tower A, B & C and First Floor Tower A, Embassy 247,Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli West, Mumbai - 400083

**POSSESSION NOTICE (For Immovable Property) (Under Rule 8 (1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002)**

Whereas the undersigned being the authorized officer of **SMFG India Credit Company Limited** *(formerly Fullerton India Credit Company Limited)*, Having its registered office at Megh Towers, 3rd Floor, Old No. 307, New No. 165, Poonamallee High Road Maduravoyal, Chennai, Tamil Nadu-600095 and corporate office at Ground Floor Tower A, B & C and First Floor Tower A, Embassy 247,Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli West, Mumbai - 400083, under Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002), and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued Demand Notice dated mentioned hereunder calling upon the following borrowers to repay the amount mentioned in the notice being also mentioned hereunder within 60 days from the date of receipt of the said notice. The following borrowers having failed to repay the amount, notice is hereby given to the following borrowers and the public in general that undersigned has taken possession of the properties described herein below in exercise of powers conferred on him under sub section (4) of section 13 of the Act read with Rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on the date mentioned hereunder:

| Name of the Borrower/Co-Borrowers/ Guarantors & Loan Account Number | Demand Notice Date & Amount | Description Of Immovable Property / Properties Mortgaged | Date of Possession Type of possession |
|---|---|---|---|
| 1) RAJU PRAJAPATI, 2) GOURI SHANKAR, 3) VIJAY DEVI LAN NO. 191020910549925 & 191020910746657 | 20.03.2022 Rs. 30,73,695/- (Rupees Thirty Lakh Seventy Three Thousand Six Hundred Ninety Five Only) | SECURED ASSET 1: PLOT NO. 19/4, SITUATED AT TRANSPORT NAGAR, HARIPARWAT WARD, TEHSIL & DISTRICT-AGRA, U.P. SECURED ASSET 2: PLOT NO. 18, SITUATED AT SEC 4, TRANSPORT NAGAR, GAILANA, TEHSIL & DISTRICT-AGRA, U.P. | 05-11-2024 Physical Possession |

The borrower in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the Charge of SMFG India Credit Company Limited for an amount mentioned herein above and interest thereon. The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

Place: Agra (UP)
SD/-, Authorised Officer-
Date : 06/11/2024.
SMFG India Credit Company Limited *(Formerly Fullerton India Credit Company Limited)*

## SMFG India Home Finance CO. Ltd.

SMFG Grihashakti

***(Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.)***

▪ Corporate. Off. : 503 & 504, 5th Floor, G-Block, Insipre BKC, BKC Main Road, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai-400 051, MH.
▪ Regd. Off. : Commerzone IT Park, Tower B, 1st Floor, No. 111, Mount Poonamallee Road, Porur, Chennai-600116, Tamil Nadu.

**SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES**

E-AUCTION SALE NOTICE OF 15 DAYS FOR SALE OF IMMOVABLE ASSETS UNDER THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 READ WITH PROVISION TO RULE 9(1) OF THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2002.

**NOTICE** is hereby given to the **Public in General** and in particular to the Borrower(s) and Guarantor(s) that the below listed immovable properties ("Secured Assets") mortgaged / charged to the Secured Creditor, the Possession of which has been taken by the **Authorised Officer** of **SMFG India Home Finance Co. Ltd.** *(Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.)* (hereinafter referred to as **SMHFC**) ("**Secured Creditor**"), will be sold on **"As is where is", "As is what is"** and **"Whatever there is"** on the date & time mentioned herein below, for recovery of the dues mentioned herein below and further interest & other expenses thereon till date of realization, due to **SMHFC** Secured Creditor from the Borrower(s) & Guarantor(s) mentioned herein below.

| Sr. No. | Name of the Borrower(s) / Guarantor(s) LAN | Description of the Properties | Reserve Price (In ₹) / Earnest Money Deposit (In ₹) | Date & Time of E-Auction | Date of EMD Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LAN : 605439211218557 1. Ritu Gupta 2. Laxman Prasad Gupta | Property Bearing No. 63 **Area Mueasuing** 95 Sq. Yds., Out of Khasra No. 60/13, Situated In The Revenue Estate of Village Hastsal Delhi Colony Know As Block R-2 Mohan Garden Uttam Nagar, New Delhi-110 059 **+ Bounded as under :- • East** : Portion of Plot No 63; **• West** : Gali 10 Ft.; **• North**: Plot No. 64; **• South** : Road 20 Ft. | 16,70,000/- / 1,67,000/- | **22.11.2024** at 11.00 a. m. to 01.00 p. m. | **21.11.2024** |
| 2 | LAN : 609139211353329 1. Sonia Beer Singh 2. Devinder Kumar | All That Piece & Parcel of Proerty Second Floor, Without Roof / Terrace Rights, **Area Measuring** 58.5 Sq. Yds., i. e. 489115 Sq. Mtrs., Out of Property Bearing No. WZ-94/1, Alongwith Proportionate Undivided Indivisible & Impartial Owneship Rights of The Underneath Land Measuring 58.5 Sq. Yds., i. e. 489115 Sq. Mtrs. With One Small Carparking On Stilt Floor, Out Of Khasra No. 65/2/1, Situated In The Area of Village : Palam Colony, Known As **Sadh Nagar Palam Colony**, Delhi-110 045. | 15,80,000/- / 1,58,000/- | **22.11.2024** at 11.00 a. m. to 01.00 p. m. | **21.11.2024** |
| 3 | LAN : 613739211287729 1. Surender Kumar 2. Shobha Kumari | All Piece & Parcel of Property of Bearing Back Side Portion of First Floor Without Roof / Terrace Rights of Free Hold Built Up Bearing Property No. 53-A **Admeasuring** 45 Sq. Yds., I.E. 37.82 Bq. Trs., Out of Khasra No 543 Situated In The Revenu Estate of Village Bindapur Delhi State Delhi Area Abadi Know As Colony Kesho Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi-110 059. | 13,40,000/- / 1,34,000/- | **22.11.2024** at 11.00 a. m. to 01.00 p. m. | **21.11.2024** |

Details terms and conditions of the sale are as below and the details are also provided in our / Secured creditor's website at the following link / website address **(https://disposalhub.com and https://www.grihashakti.com/pdf/E-Auction.pdf)**. The Intending Bidders can also contact : **Mr. Ashish Kaushal, Name of Authorised Person, Mob. No. No. 8527134222, E-mail : Ashish.Kaushal@grihashakti.com** and **Mr. Niloy Dey**, on his **Mob. No. 9920697801, E-mail : Niloy.Dey@grihashakti.com.**

Sd/-

**Place**: New Delhi
**Authorized Officer, SMFG INDIA HOME FINANCE CO. LTD.**
**Date** : 27.10.2024 / 04.11.2024
***(Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.)***

## BDR BUILDCON LIMITED

**CIN- L70100DL2010PLC200749**

**Regi. Office- 21, Ring Road, Third Floor, Lajpat Nagar- IV, New Delhi-110024**

**Tel.: 011-2647 7771, Website: www.bdrbuildcon.com, E-mail: info@bdrbuildcon.com**

**Extract Of Audited Standalone Financial Results For The Quarter and Half Year Ended On 30th September, 2024**

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Financial Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 Audited | 30.06.2024 Audited | 30.09.2023 Audited | 30.09.2024 Audited | 30.09.2023 Audited | 31.03.2024 Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | (1,75,905) | (4,16,457) | (1,65,369) | (5,92,362) | (3,99,816) | (8,80,604) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items) | (1,75,905) | (4,16,457) | (1,65,369) | (5,92,362) | (3,99,816) | (8,80,604) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary Items) | (1,75,905) | (4,16,457) | (1,65,369) | (5,92,362) | (3,99,816) | (8,80,604) |

## A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE FOR BOARD MEETING**

Pursuant to Regulation 29 (1) (a) read with Regulation 47 (1) (a) of SEBI (Listing Regulation and Disclosure Obligations) Regulation, 2015) it is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, 13th Nov, 2024 at 02:00 P.M. at the registered office of the company at14 K.M. Stone, Chittorgarh Road, Biliyan Kalan, Bhilwara-311001 to, inter-alia, consider and approve the Unaudited Financial Statements for the quarter and 6 Months ended 30th Sep, 2024 along with other routine business.

Further, in terms of Internal Code of Conduct for Prevention of Insider Trading in dealing with Securities of the company, the Trading Window for transaction in securities of the company shall remain closed from 1st October, 2024 to 5th November, 2024 (both days inclusive) for insider for the purpose of announcement of aforesaid result.

For A.K. SPINTEX LIMITED
Place: Bhilwara
Ashish Kumar Bagrecha
Date: 5th Nov,2024
Company Secretary & Compliance Officer

SOUTH INDIAN Bank

Branch Address : Shop No. 14/476 Outer Ring Road , Sunder Vihar , Paschim Vihar New Delhi -110087

## Gold Auction for Mortgages at Bank

Whereas, the authorized officer of The South Indian Bank Ltd., issued Sale notice(s) calling upon the borrower to clear the dues in gold loan availed by him. The borrower had failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned will conduct online auction of the gold ornaments strictly on **"As is What is Basis" & "Whatever there is Basis" & "Without recourse Basis"**. The auction will be conducted online through **https://egold.auctiontiger.net** on **16.11.2024 from 12:00 pm to 03:00pm** for the borrower **Rishit Arora account number 0405653000000428**

Please contact **Auction Tiger on 6352632523** for more information

Sd/- Manager
The South Indian Bank Ltd.

## A.K. SPINTEX LIMITED

Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE**

Notice is hereby given that an Extra Ordinary General Meeting ("EGM") of the members of A.K.Spintex Limited ("Company") will be held on Monday, 02nd December, 2024 at 1:00 P.M. through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary business as set out in the notice of EGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circulars dated 08th April 2020, 13th April 2020, 05th May 2020 and 13th January 2021, 14th December, 2021 and May 05th, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular(s)") Further Securities Exchange Board of India vide its circular dated May 13, 2022 followed by the SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January 2023 and October 07, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India permitting Listed entities to holding of AGM/EGM through VC/OAVM and to send their Notices or Annual reports in electronic mode ("SEBI Circular).

The electronic copies of the Notice of EGM have been sent to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The dispatch of Notice of the EGM has been completed on 05th Noember 2024. The above documents are also available on the Company's website i.e. www.akspintex.com, website of the BSE Limited i.e. www.bseindia.com and website of the Central Depository Services (India) Limited i.e. www.evotingindia.com.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is offering remote e-voting facility for its Members enabling them to cast their vote electronically in respect of the business to be transacted at the EGM of the Company. The Company has appointed Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to provide e-voting facility.

The remote e-voting will commence from 09:00 A.M on Friday, November 29, 2024, and ends on 05:00 P.M on Sunday, December 01, 2024. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the EGM is MONDAY, November 25,2024. The detailed instructions for remote e-voting process are mentioned at Notes of the Notice of EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also participate in the EGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their vote again.

Any person who has acquired the shares and has become a member of the Company after the dispatch of the Notice of the EGM and prior to the Cut-off date, shall be entitled to exercise his/her vote either electronically i.e. remote e-voting or e-voting system on the date of the EGM by following the process mentioned in the Notice of the EGM.

In case of any queries, members may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542/43) or contact Mr. Ashish Kumar Bagrecha,Company Secretary of the Company at 14 K.M. Stone, chittor road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001(Raj.), Tel: 91-9887049006 and email akspintex@gmail.com

Pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and the applicable rules thereunder and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Tuesday November 26, 2024, to Monday December 02, 2024 (both days inclusive).

M/s Anil Somani & Associates, (ACS 36055 CP 13379) has been appointed as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting in a fair and transparent manner. The results of the remote e-voting and e-voting at the EGM will be declared on or before Wednesday, 04th December 2024. The Results declared, along with the Scrutinizer's Report, shall be placed on the Company's website at www.akspintex.com and on the website of CDSL i.e. www.evotingindia.com for information of the Members besides being communicated to the Stock Exchange i.e. BSE Limited where the Company's shares are listed.

For A.K. SPINTEX LIMITED
Place: Bhilwara
Ashish Kumar Bagrecha (Company Secretary & Compliance Officer)
Date: 05.11.2024
M. No. A34182

हेय ज्ञेय उपादेय का सम्यकज्ञान ही ज्ञान कहलाता है बाकी सब अज्ञान है -महास्थवीर शांति मुनि

जयपुर ▪ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 11 | अंक : 293 भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | व्यापार एवं विकास की आवाज | मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 दैनिक www.businessremedies.com

जयपुर। बुधवार 6 नवम्बर, 2024

## सेंसेक्स 694 अंक उछला



**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** बैंकिंग, इस्पात और पेट्रोलियम तथा गैस शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 694 अंक या 0.88 प्रतिशत उछलकर 79,476.63 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 740.89 अंक या 0.94 प्रतिशत बढ़कर 79,523.13 अंक पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 217.95 अंक या 0.91 प्रतिशत चढ़कर 24,213.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार कमजोरी के साथ खुले और पहले आधे हिस्से में नकारात्मक रुझान के साथ एक सीमित दायरे में रहे। इस दौरान सेंसेक्स 78,296.70 अंक के निचले स्तर पर तथा निफ्टी 23,842.75 अंक के निचले स्तर पर आया। हालांकि, दोपहर के सत्र में खरीदारी आने से सूचकांकों को नुकसान से उबरने में मदद मिली और ये बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील में करीब पांच प्रतिशत और टाटा स्टील में करीब चार प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स में गिरावट हुई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

## भारत के घरेलू कपड़ा उद्योग में चालू वित्त वर्ष में हो सकती है 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के घरेलू कपड़ा उद्योग में चालू वित्त वर्ष में 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इसकी वजह अमेरिका में मजबूत मांग और घरेलू बाजारों का बढ़ना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।



क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले वित्त वर्ष में राजस्व वृद्धि में 9-10 प्रतिशत की इजाफे के बाद घरेलू कपड़ा कंपनियों की क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी, जिसे बेहतर नकदी प्राप्ति और मध्यम पूंजीगत व्यय योजनाओं से समर्थन मिलेगा, यह कर्जमुक्त बैलेंस शीट के कारण संभव हो पाया है। घरेलू कपड़ा उद्योग को 70 से 75 प्रतिशत आय निर्यात से प्राप्त होती है। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है। बाकी 25 से 30 से प्रतिशत घरेलू बाजारों से आता है। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक मोहित मखीजा के अनुसार, इस वित्त वर्ष में घरेलू कपड़ा उद्योग की वृद्धि के तीन प्रमुख कारण हैं। पहला अमेरिका में मजबूत उपभोक्ता खर्च और प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के पास सामान्य इन्वेंट्री स्तर से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, हालांकि कंटेनर की उपलब्धता पर नजर रखनी होगी। दूसरा, घरेलू बाजार में इंडस्ट्री लगातार विस्तार कर रही है। इससे वृद्धि दर को सहारा मिल रहा है। तीसरा, कपास, प्रमुख कच्चे माल की घरेलू कीमतें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के करीब रहने की संभावना है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू कंपनियों का मार्जिन चालू वित्त वर्ष में 14 से 15 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है।

क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर प्रणव शांडिल के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में स्थिर परिचालन प्रदर्शन और मध्यम पूंजीगत व्यय के साथ घरेलू कपड़ा कंपनियों के लिए इंटरस्ट कवरेज 5-6 गुना पर स्थिर रहना चाहिए। भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले घरेलू कपड़ों की अमेरिका आयात में हिस्सेदारी इस साल समान रहने की उम्मीद है। जनवरी-अगस्त 2024 में यह 30 प्रतिशत है। साल 2023 में यह समान थी।

## भारत में बैंक जमा वृद्धि पिछले 30 महीनों में पहली बार क्रेडिट ऑफटेक से ज्यादा रही

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिसम्बर 2023 की तुलना में बैंक जमा 18 अक्टूबर तक 8.6 फीसद बढ़कर 218.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सालाना आधार पर पिछले 30 महीनों में पहली बार जमा वृद्धि ने क्रेडिट ऑफ टेक को पीछे छोड़ दिया है। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वृद्धि का कारण शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (एससीबी) की सावधि जमा दरों में बढ़ोतरी रहा है। कुल मिलाकर, पिछले नौ महीनों में जमा राशियों में 17.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2025 में जमा राशि प्रमुख बनी हुई है, क्योंकि बैंकों ने



अपनी देयता फ्रैंचाइजी को मजबूत करने के प्रयास बढ़ा दिए हैं। बैंक अधिक लागत पर जमा प्रमाणपत्रों के माध्यम से भी धन जुटा रहे हैं।' सितम्बर 2023 से क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी) अनुपात 80 प्रतिशत के आसपास रहा था। 18 अक्टूबर को समाप्त पखवाड़े के लिए सीडी अनुपात में मामूली वृद्धि देखी गई और यह 79.0 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि दिसंबर 2023 में यह 79.5 प्रतिशत था। इसके अलावा, दिसम्बर 2023 के साथ विकास दर की तुलना करने पर, जमा वृद्धि क्रेडिट ऑफटेक से आगे निकल गई है।

## भारत फिर चुना गया अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का अध्यक्ष

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भारत को एक बार फिर भारतीय सौर गठबंधन (आईएसए) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। वह 2024 से 2026 तक के यह दायित्व संभालेगा। आईएसए की सातवीं आमसभा के मौके पर मंत्री जोशी ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फ्रांस को एक बार फिर आईएसए का उपाध्यक्ष चुना गया है। जोशी ने कहा कि भारत का अध्यक्ष पद पर दोबारा चुना जाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत की तरफ से दुनियाभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रभावशाली प्रयासों का प्रमाण है। भारत ने मिनी-ग्रिड एवं स्वास्थ्य देखभाल समाधान जैसी जरूरी सौर परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए भी असरदार कदम उठाए हैं। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की स्थायी समिति ने भारत को अध्यक्ष चुनने के साथ आठ उपाध्यक्ष भी चुने हैं।

दुनिया के चार भौगोलिक क्षेत्रों में दो-दो उपाध्यक्षों का चुनाव किया गया है। अफ्रीकी क्षेत्र से घाना एवं सेशेल्स, एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र से ऑस्ट्रेलिया एवं श्रीलंका, यूरोप एवं अन्य क्षेत्र से जर्मनी एवं इटली और लातिनी अमेरिका एवं कैरेबियाई क्षेत्र से ग्रेनेडा एवं सूरीनाम को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएसए के सदस्य देशों ने गठबंधन के तीसरे महानिदेशक का भी चयन किया है। इस पद पर आशीष खन्ना को महानिदेशक नामित किया गया है। वह मौजूदा महानिदेशक अजय माथुर का कार्यकाल समाप्त होने पर मार्च, 2025 में पदभार ग्रहण करेंगे। आईएसए ने 2020 में अल्प-विकसित देशों (एलडीसी) और लघु द्वीप विकास राज्यों (एसआईडीएस) की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदर्शन परियोजनाएं शुरू की थीं। इसका उद्देश्य सौर प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों का प्रदर्शन था, जिन्हें बढ़ाया जा सके और सदस्य देशों में इन सौर ऊर्जा संचालित समाधान के लिए क्षमता तैयार की जा सके। जोशी ने कहा कि इनमें से 11 परियोजनाएं संबंधित देशों के लोगों को समर्पित थीं। इनमें भूटान, बुर्किना फासो, कंबोडिया, क्यूबा, जिबूती, इथियोपिया, मॉरीशस, समोआ, सेनेगल, गाम्बिया और टोंगा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आईएसए सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने और अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों में सरकारों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना के लिए दिशानिर्देश पर भी चर्चा होगी।

## 'तेल एवं गैस क्षेत्र को दी जाने वाली सब्सिडी 10 साल में 85 प्रतिशत घटी'

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र को दी जाने वाली सब्सिडी 2013 के 25 अरब डॉलर से 85 प्रतिशत घटकर 2023 तक 3.5 अरब डॉलर रह गई है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने एक आधिकारिक टिप्पणी में यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि 2010 से भारत ने जीवाश्म ईंधन सब्सिडी में लगातार सुधार किया है और इस संबंध में ''हटाओ, लक्षित करो और स्थानांतरित करो'' का नजरिया अपनाया है। मंत्रालय ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक रिपोर्ट के अनुसार खुदरा कीमतों, कर दरों और चुनिंदा पेट्रोलियम उत्पादों पर सब्सिडी को समायोजित करने के चलते तेल और गैस क्षेत्र में राजकोषीय सब्सिडी 10 साल में 85 प्रतिशत घटकर 2023 तक 3.5 अरब डॉलर रह गई। यह आंकड़ा 2013 में 25 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर था। टिप्पणी में कहा गया, ''इस दौरान एक महत्वपूर्ण कदम पेट्रोल और डीजल सब्सिडी को धीरे-धीरे समाप्त करना था। साथ ही कर में वृद्धि भी की गई। इन सुधारों ने नवीकरणीय ऊर्जा पहल, इलेक्ट्रिक वाहन और महत्वपूर्ण बिजली बुनियादी ढांचे में अधिक सरकारी समर्थन के लिए राजकोषीय गुंजाइश तैयार की।'' सरकार ने 2014 से 2017 तक पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि की। इस अतिरिक्त राजस्व की मदद से लक्षित सब्सिडी दी गई, जिससे गांवों तक तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की पहुंच बढ़ी।

## सेबी ने निवेशकों को अनाधिकृत ऑनलाइन ट्रेडिंग, गेमिंग मंच के प्रति किया आगाह

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को ऑनलाइन कारोबार (ट्रेडिंग) या 'गेमिंग' मंच के जरिये लेन-देन करने को लेकर आगाह किया और उन्हें केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से कारोबार करने को सुझाव दिया। सेबी ने कुछ ऐप/वेब एप्लिकेशन/मंचों द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्य डेटा के आधार पर जनता को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएं या पेपर ट्रेडिंग या फैंटसी गेम की पेशकश करने के मामलों का संज्ञान लेने के बाद यह परामर्श वक्तव्य जारी किया है। नियामक ने कहा, ऐसी गतिविधियां निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 और सेबी अधिनियम 1992 का उल्लंघन हैं। सेबी ने बयान में दोहराया कि जनता केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से ही प्रतिभूति बाजारों में निवेश कर सकती है तथा व्यापारिक गतिविधियां कर सकती है। इसमें कहा गया, ''गोपनीय तथा व्यक्ति गत लेन-देन डेटा को साझा करने सहित अनधिकृत योजनाओं में संलिप्तता, उससे होने वाला नुकसान तथा उसके परिणाम के लिए निवेशक स्वयं जिम्मेदार है क्योंकि ऐसी योजनाएं/मंच सेबी के साथ पंजीकृत नहीं हैं।''

## सीमा शुल्क अधिकारी वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामलों की जांच एक साल में पूरी करें : सीबीआईसी

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों से निर्यात/आयात धोखाधड़ी के मामलों में पत्र/समन जारी करते समय चल रही जांच की विशिष्ट प्रकृति का खुलासा करने और एक साल के भीतर जांच पूरी करने को कहा है। सीबीआईसी ने एक निर्देश में कहा, ''अधिकारियों को वस्तुओं के आयात या निर्यात में कर चोरी की जांच के दौरान एक ''संतुलित'' दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए ताकि कारोबार सुगमता में व्यवधान से बचा जा सके। इन्हें आमतौर पर वाणिज्यिक आसूचना/धोखाधड़ी (सीआई) मामले कहा जाता है।




## छठ पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान : कैट

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** करवा चौथ, धनतेरस और दीपावली के बाद अब देश में चार दिवसीय छठ की शुरुआत हो रही है। त्योहारी सीजन में बिक्री पर नजर रखने वाले कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ओर से छठ पर्व पर अपेक्षित बिक्री के आंकड़े जारी किए गए हैं। कैट के अनुसार, इस साल छठ पर पूरे देश में 12,000 करोड़ रुपये का व्यापार होगा।

इसके अलावा, करीब 15 करोड़ लोग छठ पूजा से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लेंगे। विशेष रूप से बिहार और झारखंड के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला यह पर्व दिल्ली में हर वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों की अच्छी-खासी आबादी है, जो कि चांदनी चौक, सदर बाजार, मॉडल टाउन, अशोक विहार, शालीमार बाग, पीतमपुरा, रानी बाग, उत्तम




नगर, तिलक नगर में बसती है। इसके अलावा, दिल्ली के कई दूसरे इलाकों में भी छठ के दौरान खरीदारी के लिए खास कर पूजा से जुड़े सामान के लिए लोग बाजारों की तरफ रुख कर रहे हैं।

बिहार, झारखंड और दिल्ली के अलावा, देश के कई दूसरे राज्यों में इस पर्व की चकाचौंध देखने को मिल रही है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि बिहार और झारखंड के अलावा छठ पूजा पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, विदर्भ और मध्य प्रदेश में भी बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने छठ पर्व की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, 'छठ पूजा केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सामाजिक एकता और समर्पण को दर्शाता है। यह व्यापार को भी बढ़ावा देता है और स्थानीय उत्पादकों को सीधा लाभ देता है, जो पीएम नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है।'

कैट के अनुसार, छठ के इस महापर्व पर लोग मिठाइयों, फल और सब्जियों की सबसे ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं।

इसके अलावा, पूजा के लिए बांस की टोकरियां, केले के पत्ते, गन्ना जैसी चीजों की भी जरूरत बनी हुई है। जिसकी वजह से इन सभी चीजों की भारी मांग देखी गई है। इस पर्व के दौरान लोग नए वस्त्रों की भी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसलिए साड़ी, लहंगा-चुन्नी, सलवार-कुर्ता, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, धोती जैसे पारंपरिक परिधानों की खूब खरीद हो रही है। छठ पूजा के लिए परिधानों की इस खरीदारी का स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्योगों को फायदा मिल रहा है। छोटे पैमाने पर बनाए जाने वाले हस्तनिर्मित सामानों की भी अच्छी बिक्री हो रही है।

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### सहकार उपहार दीपोत्सव मेला-2024 सम्पन्न, जयपुरवासियों ने की रिकॉर्ड 6 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीददारी

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जयपुरवासियों ने सहकार उपहार दीपोत्सव मेला-2024 में 6 करोड़ रुपये से अधिक की खरीददारी कर रिकार्ड बनाया है। कॉनफैड द्वारा उपभोक्ताओं को एमएमटीसी-पैम्प के शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्के एवं पटाखों के साथ अन्य आवश्यक त्यौहारी वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिये भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन सहकारी बाजार सहित वैशाली नगर स्थित उपहार केन्द्र पर विशेष व्यवस्था की थी। यह जानकारी कॉनफैड के प्रशासक एवं सहकारी समितियों की रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने दी। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर कॉनफैड द्वारा नवजीवन उपहार केन्द्र पर एमएमटीसी-पैम्प द्वारा निर्मित शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्कों की लगभग 3 करोड़ की बिक्री हुई। दीपोत्सव मेले का आयोजन 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव मेले में शिवाकाशी के कोक ब्रांड के पटाखे 50 से 65 प्रतिशत तक कम दामों पर जयपुरवासियों को उपलब्ध कराये गए। मेले में जयपुरवासियों द्वारा 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई। राजपाल ने बताया कि मेले में एक ही प्लेटफॉर्म पर पटाखे, एमएसटीसी-पैम्प के सोने-चांदी के सिक्के एवं अन्य आवश्यक त्यौहारी वस्तुएं होलसेल दरों पर उपलब्ध कराई गई। एमएमटीसी के चांदी के 10 ग्राम से 1 किलो तक एवं सोने के 1 से 100 ग्राम तक के सिक्के उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रार ने बताया कि दीपोत्सव मेला में 1.50 करोड़ से अधिक की दैनिक आवश्यकता की ग्रोसरी के उत्पाद, गिफ्ट पैक, ड्राई फ्रूट्स, सजावटी सामान आदि की बिक्री की गई। इस बार दीपोत्सव मेला में पहली बार राजीविका की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के विक्रय के लिये प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया।

# 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024' में 'कंट्री पार्टनर' बनने का सऊदी अरब को दिया आमंत्रण

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई के नेतृत्व वाले उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में 'कंट्री पार्टनर' के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने सऊदी अरब के निवेश सहायक मंत्री महामहिम इंजी. इब्राहिम यूसुफ अल मुबारक और निवेश उप मंत्री सारा अल सईद के साथ बातचीत की। राजस्थान में नए निवेश और व्यापार के अवसरों को सुगम बनाने के लिए सहयोग की मांग करते हुए, मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे महत्त्वपूर्ण व्यापार समर्थक नीति सुधारों से अवगत कराया। शिखर सम्मेलन से पहले निवेश



समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने की श्रृंखला को जारी रखते हुए, मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने आतिथ्य विकास क्षेत्र में रियाद स्थित स्विस हॉस्पिटैलिटी कंपनी और जेद्दा स्थित सी वेंचर्स के साथ निवेश समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। रियाद स्थित स्विस हॉस्पिटैलिटी कंपनी सलाहकार और परियोजना प्रबंधन से लेकर सामुदायिक जुड़ाव और विकास तक कई सेवाएं प्रदान करती है। जेद्दा स्थित सी वेंचर्स, परामर्श प्रमुख होने के अलावा उभरते उद्यमियों, नए उद्यमों और सामुदायिक निर्माण और जुड़ाव कार्यक्रमों आदि को भी समर्थन प्रदान करती है। मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने रियाद स्थित इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अल्फानार प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों के साथ भी बहुत ही सार्थक बातचीत की, जिसने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में नए निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि सऊदी अरब पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और पेट्रोकेमिकल्स और इंजीनियरिंग से लेकर रियल एस्टेट और अक्षय ऊर्जा तक के क्षेत्रों में अग्रणी व्यावसायिक समूहों से भरा हुआ है, जो राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमने आज अग्रणी व्यावसायिक समूहों के साथ बहुत ही सार्थक चर्चा की, जिसके परिणामस्वरूप हमने आतिथ्य विकास क्षेत्र में दो निवेश समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

मंत्री के अलावा, वर्तमान में सऊदी अरब में मौजूद अन्य प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में वित्त (व्यय) विभाग के सचिव नवीन जैन, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक, नवनीत कुमार, अतिरिक्त आयुक्त , DMIC, रवीश कुमार वर्मा, संयुक्त आयुक्त उद्योग, कृष्ण कुमार गुप्ता, DGM, RIICO और राजस्थान सरकार के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारी में, राजस्थान सरकार ने देश भर के साथ-साथ विदेशों में भी निवेशकों की बैठकें आयोजित की हैं। घरेलू निवेशकों की बैठकें पहले ही मुंबई और नई दिल्ली में आयोजित की जा चुकी हैं, जबकि वैश्विक मोर्चे पर, निवेशक बैठकें अब तक दक्षिण कोरिया, जापान, यूएई, कतर, सिंगापुर, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम में आयोजित की जा चुकी हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहुंच के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार को अब तक 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) प्राप्त हुए हैं, जो राज्य के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के जबरदस्त विश्वास को दर्शाता है।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से युवाओं के सपने हो रहे साकारः सीएम भजनलाल शर्मा



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों के सृजन की निरंतरता में कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। दिसंबर माह में आयोजित होने वाला तीसरा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने की दृष्टि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और 'सुराज संकल्प' की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय पर आगामी मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दे चुकी है। अब दिसंबर माह में प्रस्तावित तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में भी हजारों युवाओं को नियुक्तियां दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित भी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग को सफाईकर्मियों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शीघ्र निस्तारित करते हुए इसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों तथा 3 हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्र या भी शीघ्र शुरू करेगी। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि वे भर्तियों के संबंध में अभ्यर्थना मार्च 2025 की स्थिति में भिजवाएं, जिससे ज्यादा से ज्यादा पदों पर भर्तियां हो और युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सके। इस कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित विभाग के अधिकारी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

शर्मा ने परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तर पर लंबित विकास कार्यों के लिए कलक्टर्स जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जमीन आवंटन सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी प्रदान किए।

# दो दिवसीय केयर ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्लूएफ) 9 नवंबर से

### भारत का सबसे बड़ा हेल्थ फेस्टिवल जीएचडब्लूएफ नए कीर्तिमान रचने को तैयार

### इवेंट में बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और बॉलीवुड गायक रविंद्र उपाध्याय होंगे शामिल

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस प्रा. लि. (जेएचडब्लू) की एक विशेष पहल के अंतर्गत केयर ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्लूएफ) का आयोजन 9 और 10 नवंबर 2024 को जयपुर के बीएम बिड़ला ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। यह फेस्टिवल का तीसरा संस्करण है और ये भारत का सबसे बड़ा हेल्थ फोकस्ड इवेंट बन चुका है, जिसमें देशभर के प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ, संस्थान और हजारों प्रतिभागी एक साथ भाग ले रहे हैं। फेस्टिव सिग्ना हैल्थ इंश्योरेंस द्वारा पावर्ड है। फेस्टिवल के टाइटल पार्टनर, केयर हैल्थ इंश्योरेंस है और ओसवाल सोप एसोसिएट पार्टनर। ये जानकारी आज जेएचडब्लू के संस्थापक और सीईओ, हिम्मत सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि यह सिर्फ एक हेल्थ इवेंट नहीं बल्कि भारत का सबसे बड़ा




हेल्थ फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में भारत के 15 शीर्ष अस्पताल, प्रमुख डॉक्टर्स की उपस्थिति और सभी प्रतिभागियों के लिए 15,000 रुपये के फ्री मेडिकल टेस्ट शामिल हैं। हमारा उद्देश्य है हेल्थकेयर को और अधिक सुलभ और रोचक बनाना। फेस्टिवल में होम्योपैथी, डेंटल केयर, आयुर्वेद और फिजियोथैरेपी के विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो प्रतिभागियों को स्वास्थ्य और वेलनेस का समग्र दृष्टिकोण देंगे। इस इवेंट को और फायदेमंद बनाने के लिए हर प्रतिभागी को एक फ्री हेल्थ बुकलेट भी दी जाएगी, जिससे उन्हें पूरे साल फ्री और डिस्काउंटेड ओपीडी सेवाओं का लाभ मिलेगा।

जेएचडब्लू के सह-संस्थापक, भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार फेस्टिवल में 10 टॉक शो और पैनल डिस्कशन रखे गए हैं, जिनमें देशभर के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह एक अनोखा मंच है जहां लोग प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों से मिल सकेंगे और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानेंगे। इस साल फेस्टिवल में 1,00,000 से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की भी कोशिश होगी। पहला सबसे अधिक बीमा सलाहकारों को एक छत के नीचे लाने, जिसमें लगभग 2,000 सलाहकार हिस्सा लेंगे। दूसरा सबसे अधिक वरिष्ठ नागरिकों का एक जगह पर एकत्रित होना, जिसमें 1,500 वरिष्ठ नागरिक हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में बॉलीवुड तड़का लगाने के लिए अभिनेत्री मुग्धा गोडसे और राजस्थान से बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक रवींद्र उपाध्याय जैसे मशहूर कलाकार भी शामिल होंगे। रवींद्र उपाध्याय 10 नवंबर को गाला नाइट में परफॉर्म भी देंगे, जहाँ टॉप डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल का उद्घाटन राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री करेंगे और समापन समारोह की अध्यक्षता राजस्थान की डेप्युटी चीफ मिनिस्टर करेंगे।

जेएचएफ के नाम से जाना जाने वाला इस फेस्ट का इस साल से नाम ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल (जीएचडब्लूएफ) होगा, ताकि जेएचडबलू पूरे भारत में विस्तार की योजना को प्रदर्शित कर सके। अगले संस्करण की योजना पहले से ही अहमदाबाद में की जा रही है, जो हेल्थकेयर को देश भर में अधिक सुलभ बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बेहतरीन चिकित्सा विशेषज्ञता, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं, रोचक चर्चाएं, सेलिब्रिटी परफॉर्मेंस और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के प्रयासों के साथ, जीएचडब्लूएफ राजस्थान और पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण इवेंट साबित होगा।

## राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का तीन दिवसीय 46वां अधिवेशन 8 नवम्बर से, देशभर से नेत्र विशेषज्ञ लेंगे भाग

**बिजनेस रेमेडीज़/उदयपुर।** राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी की ओर से 8 नवम्बर से होटल इन्दर रेजीडेन्सी में राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल का तीन दिवसीय 46वां अधिवेशन रोसकोन-24 प्रारम्भ होगा।

अधिवेशन के आयोजन सचिव डॉ. एल.एस.झाला ने बताया कि अधिवेशन में राजस्थान के लगभग 400-500 नेत्र सर्जन के अलावा देश के ख्यातनाम करीब 30 नेत्र विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें राज्य के सभी नेत्र रेजीडेन्ट डॉक्टर्स भी इसमें मौजूद रह कर पत्रवाचन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 8 नवम्बर को अलख नयन मंदिर में होने वाली 15 तरह की नेत्र सर्जरी का आयोजन स्थल पर लाइव प्रसारण किया जायेगा। इस प्रसारण में मोतियाबिंद, कालापानी व मोटे चश्में हटानें में काम आने वाली आधुनिक तकनीक से होने वाले सभी ऑपरेशन दिखायें जायेंगे। अधिवेशन में सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. समर बसक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

राजस्थान ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी के सचिव डॉ. कामदार ने बताया कि आंखों की बीमारियों के सन्दर्भ में वैश्विक स्तर पर हो रहे आधुनिक तकनीकों पर चर्चा होगी और विषय विशेषज्ञों द्वारा पत्रवाचन किये जायेंगे। आंखो की बीमारियों रेटिना, कोर्निया,ग्लूकोमा, रिफेक्टिव सर्जरी के विषय विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक तकनीक की जानकारी देंगे।

## बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री आज आएंगे भीलवाड़ा, हनुमन्त कथा के लिए तैयारियां पूरी

**बिजनेस रेमेडीज़/भीलवाड़ा।** आध्यात्मिक गुरू व कथावाचक बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारबिंद से छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के तत्वावधान में 6 से 10 नवम्बर तक तेरापंथनगर के पास कुमुद विहार विस्तार में आरसीएम ग्राउंड कथास्थल पर श्री हनुमन्त कथा आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। पांच दिवसीय आयोजन के तहत 8 नवम्बर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बागेश्वरधाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि श्री हनुमन्त कथा श्रवण कराने के लिए बागेश्वरधाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हेलिकॉप्टर से भीलवाड़ा पहुचेंगे। उनका आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल, संरक्षक प्रकाश छाबड़ा एवं संयोजक आशीष पोरवाल के नेतृत्व में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी पूरे समर्पित भाव से जुटे हुए है।

## एजुकेशन प्री-समिट आज, शिक्षा के नवाचार एवं निवेश पर होगा गहन मंथन

### उच्चाधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** राइजिंग राजस्थान से पूर्व उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं उद्यमिता विभाग तथा खेल एवं युवा मामलात के संयुक्त तत्वावधान में 6 नवंबर को एजुकेशन प्री-समिट 2024 का आयोजन होगा। होटल इंटरकॉन्टिनेंटल, टोंक रोड, जयपुर में होने वाले इस शिक्षा सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे तथा उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, युवा मामले एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता विभाग और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी शिरकत करेंगे।

समिट का मुख्य उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल तकनीकों का उपयोग, और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर गहन चर्चा करना है। प्री-समिट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय, पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, नीरज के. पवन, शासन सचिव खेल एवं युवा मामले विभाग, डॉ.आरुषी ए. मलिक शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, अविचल चतुर्वेदी, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त स्कूल शिक्षा परिषद सहित विभाग के उच्चाधिकारियों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

## "हाथ की करामात"

1. **हाथ जोड़ना :** नम्रता की मुद्रा में निवेदन
2. **हाथ का सच्चा :** जो पराई चीज को कभी उठाना पसंद नहीं करता वो
3. **हाथ पोला :** हर एक के लिए अपनी जेब हल्की करने वाले का संबोधन।
73 वर्षीय कांतिलाल जेठवा कंपनी के प्रमोटर, पूर्णकालिक निदेशक और अध्यक्ष हैं। उन्हें 22 सितंबर, 2010 से कंपनी के कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रमोटर श्रेणी के तहत नियुक्त किया गया था, और बाद में 01 अक्टूबर, 2022 से 5 साल की अवधि के लिए उनका पदनाम बदलकर पूर्णकालिक निदेशक और अध्यक्ष कर दिया गया। उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वे पिछले 14 वर्षों से कंपनी के वित्त और खरीद को नियंत्रित कर रहे हैं। अतीत में उन्होंने ट्रेंड सेटर टेक्सटाइल कंपनी में मैड अप्स के निर्माण के सलाहकार के रूप में 20 वर्षों तक काम किया है। वे अब कंपनी के बिजनेस पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, जहां वह प्रबंधन टीम को रणनीतिक मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करते हैं। उन्हें वित्त और खरीद, प्रमुख परियोजनाओं के दिन-प्रतिदिन के व्यवसाय संचालन की निगरानी, परियोजनाओं की स्थिति, बजट की साप्ताहिक समीक्षा, धन और नकदी प्रवाह का प्रबंधन, तिमाही प्रदर्शन की समीक्षा, ग्राहक और हितधारकों के संबंधों का प्रबंधन, समग्र कंपनी को निष्पादित करने की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वे कंपनी की रणनीति और व्यवसाय विकास - राजस्व वृद्धि के अवसरों पर नजर रखते हैं।


भाविन जेठवा

42 वर्षीय भाविन जेठवा कंपनी के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक हैं। वे कंपनी की स्थापना से ही उससे जुड़े हुए हैं। उन्हें दिनांक 01.12.2017 से 01 अक्टूबर, 2022 तक प्रबंध निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया था। उनके पास मुंबई विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक की डिग्री है। प्रभावी व्यवसाय और बिक्री रणनीतियों को तैयार करने में दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने सिलाई ऑपरेटर के रूप में अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की और गारमेंट्स उद्योग के परिदृश्य के भीतर प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति श्रृंखला में योगदान दिया।

**यह करती है कंपनी:** सितंबर 2010 में निगमित, नीलम लिनेंस एंड गारमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड एक सॉफ्ट होम फर्निशिंग कंपनी है। कंपनी बेडशीट, तकिया कवर, डुवेट कवर, तौलिये, गलीचे, दरवाजे, शर्ट और कपड़ों की प्रोसेसिंग, फिनिशिंग और आपूर्ति करती है। कंपनी मुख्य रूप से रियायती खुदरा दुकानों पर सेवा प्रदान करती है। कंपनी के कारोबार को उत्पादों का प्रसंस्करण व व्यापार और लाइसेंस की बिक्री के दो भागों में बांटा जा सकता है। कंपनी की दो विनिर्माण इकाइयाँ भिवंडी, ठाणे, महाराष्ट्र में स्थित हैं। कंपनी अपने उत्पाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को बेचती है। इसके घरेलू ग्राहकों में विजय सेल्स, अमेज़ॅन, मीशो और एमर्सन स्टोर शामिल हैं। इसके अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों में ट्यूसडे मॉर्निंग, टीजेएक्स, पेम अमेरिका, ओशन स्टेट जॉब लॉट, लिनक्राफ्ट ऑस्ट्रेलिया, बिग लॉट्स, 99 सेंट और यूएस पोलो एसोसिएशन जैसे स्टोर शामिल हैं। कंपनी फिलहाल प्रतिदिन 4000 सेट बनाती है और इसकी निर्माण क्षमता 6000 सेट प्रतिदिन है। 15 मई 2024 तक, कंपनी में 58 लोग कार्यरत थे। उनमें से आठ पेरोल पर, जबकि 50 आवश्यकतानुसार दैनिक मजदूरी पर काम कर रहे थे।

**वित्तीय प्रदर्शन:** कंपनी की कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 80.17 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 41.53 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने करोड़ 103.79 रुपए का राजस्व एवं 2.98 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 105.41 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 2.37 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 104.74 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 2.46 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

वित्त वर्ष 2025 में 30 जून 2024 को समाप्त अवधि में कंपनी ने 21.95 करोड़ रुपए का राजस्व और 80.46 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि कंपनी का कारोबार साल दर साल बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024 के ईपीएस 1.66 रुपए के आधार पर कंपनी का आईपीओ 14.44 के पीई मल्टीपल पर आ रहा है। वित्त वर्ष 2025 में 30 जून 2024 को समाप्त अवधि तक कंपनी की असेट्स 120.50 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 24.28 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 9.48 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 75.66 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी का कर्ज इक्विटी रेश्यो 3.12 फीसदी है।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'नीलम लिनेंस एंड गारमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर 8 नवंबर को खुलकर 12 नवंबर 2024 को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 10 रुपए फेसवैल्यू के 54,18,000 शेयर 20 से 24 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 13 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 6000 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी एक्सपर्ट ग्लोबल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**




| | |
|---|---|
| IPO Date | November 8, 2024 to November 12, 2024 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price Band | ₹20 to ₹24 per share |
| Lot Size | 6000 Shares |
| Total Issue Size | 5,418,000 shares (aggregating up to ₹13.00 Cr) |
| Fresh Issue | 5,418,000 shares (aggregating up to ₹13.00 Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | NSE EMERGE |
| Share holding pre issue | 14,800,000 |
| Share holding post issue | 20,218,000 |
| Market Maker portion | 276,000 shares Globalworth Securities Ltd |

## निफ्टी में 24008 अंक के ऊपर तेजी देखि जा सकती है



निखिल भट्ट
रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत



**दिनांक 06.11.2024 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 05.11.2024 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 24293 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 24373 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 24202 - 24088 - 24008 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 24404 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 05.11.2024 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 52333 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित बैंक निफ्टी फ्यूचर 52606 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 52180 - 52008 - 51808 अंक को छू सकता है बैंक निफ्टी फ्यूचर के लिए प्रति यात्मक के लिए 52676 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

**एचसीएल टेक्नोलॉजी ( 1778 )** :- एचसीएल ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1755 रुपये के आसपास है। 1727 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1797 से 1808 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1820 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**कोटक महिन्द्रा बैंक ( 1763 )** :- तकनीकी चार्ट के अनुसार 1744 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 1727 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1783 रुपये से 1790 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**इन्फोसिस लिमिटेड ( 1759 )** :- कंप्यूटर - सॉफ्टवेयर और कंसल्टिंग सेक्टर के शेयर में 1774 रुपये से 1780 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा,1707 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**सिप्ला लिमिटेड ( 1608 )**:- फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयर में 1633 रुपये से 1640 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा,1580 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**भारती एयरटेल ( 1590 )** :- 10 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 1573 स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने टेलीकॉम - सेल्युलर और फिक्स्डलाइन सर्विस सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 1606 रुपये से 1616 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**ल्यूपिन लिमिटेड ( 2185 )** :- तकनीकी चार्ट के फर्मास्यूटिकल सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 2167 रुपये से 2230 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रतिक्रियात्मक के लिए 2230 का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!

**ओबेरॉय रियलिटी ( 1999 )** :- इस शेयर को 2034 / 2047 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना है इसकी कीमत 1970 रुपये से 1947 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 2060 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहौल..!!

**एचडीएफसी बैंक ( 1759 )** :- प्राइवेट बैंक सेक्टर का यह स्टॉक 1790 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1733 रुपये से 1717 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!

**हवेल्स इंडिया ( 1639 )** :- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर के इस शेयर को करीब 1673 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1616 रुपये से 1606 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 1680 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पॉइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोट:- डिस्क्लेमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

| INDEX | | Above / Below | Conf. | T1 | Normal Target T2 | Normal Target T3 | On Trending times. T4 | On Trending times. T5 | On Trending times. T6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NIFTY Spot | For BUY Above | 24,252 | 24,276 | 24,296 | 24,315 | 24,343 | 24,360 | 24,417 | 24,480 |
| | For SELL Below | 24,174 | 24,151 | 24,131 | 24,111 | 24,084 | 24,067 | 24,009 | 23,946 |
| Bk.Nifty Spot | For BUY Above | 52,349 | 52,436 | 52,507 | 52,577 | 52,678 | 52,739 | 52,948 | 53,176 |
| | For SELL Below | 52,066 | 51,980 | 51,908 | 51,837 | 51,736 | 51,675 | 51,467 | 51,238 |

Data based on previous day closing

Source: VAISHALI KALA

# ओवैस मेटल एंड मिनरल प्रोसेसिंग लिमिटेड ने घोषित किए शानदार छमाही वित्तीय परिणाम, कर पश्चात शुद्ध लाभ हुआ चार गुना

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मध्यप्रदेश के रतलाम आधारित ओवैस मेटल एंड मिनरल प्रोसेसिंग लिमिटेड ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। उक्त अवधि में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है और कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक हो गया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही में कंपनी का राजस्व गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 30.36 करोड़ रुपए से बढ़कर 105.46 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 6.78 करोड़ रुपए के मुकाबले 24.71 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही में कंपनी ने 18.23 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

**यह करती है कंपनी:** ओवैस मेटल एंड मिनरल प्रोसेसिंग लिमिटेड की स्थापना 2022 में हुई थी और यह धातुओं और खनिजों के उत्पादन और प्रसंस्करण में लगी हुई है। कंपनी के निगमन से पहले, कंपनी का कारोबार मेसर्स ओवैस अली ओवरसीज के नाम से चलता था, जो प्रमोटर सैय्यद ओवैस अली की एकमात्र स्वामित्व वाली फर्म थी। कंपनी निम्नलिखित उत्पादों के निर्माण और प्रसंस्करण में लगी हुई है।

**मैंगनीज ऑक्साइड (एमएनओ):** इसका उपयोग उर्वरक उद्योग और मैंगनीज सल्फेट संयंत्रों में किया जाता है।

**एमसी फेरो मैंगनीजः** स्टील और कास्टिंग उद्योग में उपयोग किया जाता है।

**चारकोल उत्पादनः** उन उद्योगों में भट्टियों में उपयोग किया जाता है जिनकी विनिर्माण प्रक्रिया के लिए उच्च ताप की आवश्यकता होती है, उदाहरण के लिए। इस्पात उद्योग।

लौह मिश्र धातु, क्वार्टज और मैंगनीज **अयस्क जैसे खनिजों का प्रसंस्करणः** होटल उद्योग, टाइल और सिरेमिक उद्योग, कांच उद्योग और इंटीरियर डिजाइन और फर्नीचर उद्योग में उपयोग किया जाता है।

## मास्टर कंपोनेंट्स लिमिटेड ने घोषित किए छमाही वित्तीय परिणाम

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** महाराष्ट्र के नासिक आधारित मास्टर कंपोनेंट्स लिमिटेड प्लास्टिक इंजीनियरिंग कॉम्पोनेंट्स और सब-असेंबली के निर्माण में लगी हुई है। कंपनी ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। उक्त अवधि में कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही में कंपनी का राजस्व गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 11.50 करोड़ रुपए से बढ़कर 18.08 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1 करोड़ रुपए के मुकाबले 1.67 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही में कंपनी ने 4.18 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

**यह करती है कंपनी:** 1999 में स्थापित, मास्टर कंपोनेंट्स लिमिटेड प्लास्टिक इंजीनियरिंग कॉम्पोनेंट्स और सब-असेंबली के निर्माण में लगी हुई है। कंपनी की प्राथमिक गतिविधि इलेक्ट्रिकल, मेडिकल, औद्योगिक और ऑटोमोटिव क्षेत्र के अनुप्रयोगों के लिए नए कॉम्पोनेंट्स का उत्पादन करने के लिए सामग्रियों को ढालना है।

# ब्लू पेबल लिमिटेड को अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 4.67 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** इंटीरियर डिजाइन और पर्यावरण ब्रांडिंग समाधान प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी 'ब्लू पेबल्स लिमिटेड' ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को नैकेले कार्यालय - 2, अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, प्लॉट नंबर इन-04-ए मुंद्रा सोलर टेक्नोपार्क प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर 01, एपीएल/सीजीपीएल पावर प्लांट के दक्षिण में, एपीएसईज़ेड मुंद्रा, टुंडा, मुंद्रा, कच्छ, गुजरात, 370421' के लिए इंटीरियर फिनिशिंग कार्य के निष्पादन हेतु अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड से सभी करों को छोड़कर कुल 4.67 करोड़ रुपये की राशि एक खरीद ऑर्डर प्राप्त हुआ है।

**यह करती है कंपनी:** 2017 में स्थापित, ब्लू पेबल लिमिटेड इंटीरियर डिजाइन और पर्यावरण ब्रांडिंग समाधान प्रदान करती है। कंपनी विनाइल ग्राफिक्स, साइनेज और विभिन्न फिनिशिंग उत्पादों की संकल्पना, डिजाइन, प्रिंटिंग, फिनिशिंग और इंस्टॉलेशन प्रदान करती है, जिसमें कॉर्पोरेट अंदरूनी और बाहरी कार्यस्थल के वातावरण के लिए 3डी दीवारें, फॉस्ट/क्लियर ग्लास फिल्म, कलाकृतियां, दीवार पैनल, भित्ति चित्र और मूर्तियां शामिल हैं। कंपनी की प्रिंटिंग और डिज़ाइन सेवाओं में थीम आधारित डिज़ाइन, बड़े प्रारूप की प्रिंटिंग, विनाइल प्रिंटिंग, फैब्रिक प्रिंटिंग, कैनवास प्रिंटिंग, साइनेज फैब्रिकेशन और 3डी आर्ट इंस्टॉलेशन शामिल हैं। कंपनी के ग्राहकों में बैंकिंग क्षेत्र, बहुराष्ट्रीय कंपनियां और आईटी क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं, जिनमें इंफोसिस लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अमेरिकन एक्सप्रेस, बैंक ऑफ अमेरिका, नेस्ले, ब्रिटिश पेट्रोलियम, मूडीज आदि शामिल हैं। कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है और इसकी उपस्थिति दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, आदि राज्यों में है। ब्लू पेबल ने 2022 में बेगिनअप रिसर्च इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिज़ाइन पुरस्कार जीता। कंपनी को 2022 में डिज़ाइन अवार्ड्स इंडिया द्वारा 'मोस्ट क्रिएटिव एंड इनोवेटिव डिज़ाइन एजेंसी' अवार्ड से और 2023 में आईबीडीए द्वारा 'भारत का सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइन स्टूडियो' अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# एनटीपीसी और ओएनजीसी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में कारोबार के लिए बनाएंगी ज्वाइंट वेंचर

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** (आईएएनएस)। पब्लिक सेक्टर की महारत्न कंपनियों एनटीपीसी और ओएनजीसी ने ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में काम कर रही अपनी सहयोगी कंपनियों एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) और ओएनजीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (ओजीएल) के माध्यम से ज्वाइंट वेंचर बनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य रिन्यूएबल और न्यू एनर्जी सेक्टर में तेजी से प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाना है। ऊर्जा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 'इंडिया एनर्जी वीक-2024'के दौरान 7 फरवरी 2024 को ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने और दीपम एवं नीति आयोग से आवश्यक वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, एनजीईएल ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के पास ओजीएल के साथ 50:50 की साझेदारी में एक ज्वाइंट वेंचर बनाने के लिए आवेदन दिया है।

# वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में शेरा एनर्जी लिमिटेड ने सालाना आधार पर 57 फीसदी की वृद्धि के साथ अर्जित किया 10 करोड़ का शुद्ध लाभ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** शेरा एनर्जी लिमिटेड, तांबे और एल्यूमीनियम जैसी अलौह धातुओं से बने घुमावदार तारों और स्ट्रिप्स के निर्माण में माहिर कंपनी है। कंपनी ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

**वित्त वर्ष 2025 के समेकित वित्तीय परिणाम के मुख्य बिंदु**

- कुल राजस्व सालाना आधार पर 56.57 फीसदी की वृद्धि के साथ 601.87 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है।
- ईबीटा सालाना आधार पर 15.12 फीसदी की वृद्धि के साथ 29.11 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है।
- कर पूर्व शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 50.88 फीसदी की वृद्धि के साथ 13.03 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है।
- कर पश्चात शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 57.37 फीसदी की वृद्धि के साथ 9.67 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है।
- ईपीएस सालाना आधार पर 48.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 3.32 रुपए दर्ज किया गया है।

**पहली छमाही में शेरा एनर्जी लिमिटेड की मुख्य कारोबारी गतिविधियां**

- कंपनी ने उक्त अवधि में जाम्बिया से 87,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य का अपना पहला अफीकी निर्यात ऑर्डर प्राप्त किया।
- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग को एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च द्वारा बीबीबी से बीबीबी+ तक अपग्रेड किया गया है।
- कंपनी ने अपनी स्टैंडअलोन उत्पादन क्षमता को 18,600 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 20,600 मीट्रिक टन और समेकित क्षमता को 37,730 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 41,130 मीट्रिक टन किया है।
- कंपनी ने शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया है और अधिग्रहण के बाद कंपनी की शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में शेयरधारिता 82.13 फीसदी हो गई है।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियां:** 'शेरा एनर्जी लिमिटेड' नॉन फेरस मेटल जैसे एल्युमिनियम और कॉपर के वाइंडिंग वायर एवं स्ट्रिप्स का निर्माण करती है। इसके साथ ही कंपनी वायर रॉड, वायर एवं कॉपर व ब्रास की ट्यूब का निर्माण भी करती है। इन तारों, ट्यूबों और छड़ों को ग्राहकों की आवश्यकता और बाजार में मांग के अनुसार विभिन्न आकृतियों और आकार में निर्मित किया जाता है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में कागज से ढके तार, इनेमल और फाइबर से ढके तार, गोल तार, आयताकार तार, गुच्छेदार तार, ट्यूब, छड़, स्ट्रिप्स, आदि शामिल हैं।

कंपनी ने कोल्ड एक्सट्रूज़न रक्षा अनुप्रयोगों के लिए गोली के गोले बनाने के लिए उपयुक्त प्रक्रिया के माध्यम से विशेष ग्रेड की पीतल की छड़ों का निर्माण भी शुरू किया है। कंपनी ने ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक अपेक्षित परीक्षण किए हैं । इस उत्पाद को हाल ही में देश में गोला-बारूद उद्योग में मांग के कारण कंपनी ने विकसित किया है।

कंपनी को स्थापित हुए एक दशक से ज्यादा समय हो चुका है जिसके कारण कंपनी वृहद स्तर पर उत्पादों का निर्माण और मार्केटिंग करने में सक्षम हुई है। कंपनी का बिजनेस मॉडल ऐसा है जहां वह एक उत्पादों की क्वालिटी पर पर नजर रखने के साथ उस पर नियंत्रण भी रखती है। कंपनी के पास नवीनतम प्रौद्योगिकी संयंत्र और मशीनरी के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित विनिर्माण सुविधाएं हैं। गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए घरेलू परीक्षण उपकरणों के साथ विनिर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला के लिए कंपनी के तैयार उत्पाद सख्त गुणवत्ता जांच से गुजरते है और गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाती है। कंपनी की इन-हाउस परीक्षण टीम गुणवत्ता, सुरक्षा और उत्पादों की पैकेजिंग को नियंत्रित और मॉनिटर करती है। कंपनी की एक निर्माण इकाई जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र और एक निर्माण इकाई कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है। कंपनी की कुल वर्तमान क्षमता 41,130 मीट्रिक टन है। कंपनी के दो प्लांट और सब्सिडियरी कंपनी के दो प्लांट वर्तमान में कार्यरत हैं। कंपनी के निर्माण इकाइयां 800000 वर्ग फुट के क्षेत्रफल में स्थापित हैं। वर्तमान में कंपनी का शेयर 218 पर कारोबार कर रहा है और कंपनी की मार्केट कैप 497 करोड़ रुपए है।

## सुंदरम फाइनेंस को सितम्बर तिमाही में 340.09 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**बिजनेस रेमेडीज/चेन्नई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 340.09 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 366.38 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 647.74 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 647.66 करोड़ रुपये रहा था।

**A.K. SPINTEX LIMITED**
Regd. Office:-14 K.M. Stone, Chittor Road, Biliya-Kalan, Bhilwara-311001 (Raj.)
Ph: 9887049006, 9929139002 • Email: akspintex@gmail.com • Website: www.akspintex.com
CIN: L17117RJ1994PLC008916

**NOTICE**

Notice is hereby given that an Extra Ordinary General Meeting ("EGM") of the members of A.K.Spintex Limited ("Company") will be held on Monday, 02nd December, 2024 at 1:00 P.M. through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") facility to transact the ordinary business as set out in the notice of EGM, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circulars dated 08th April 2020, 13th April 2020, 05th May 2020 and 13th January 2021, 14th December, 2021 and May 05th, 2022, December 28, 2022 and September 25, 2023 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circular(s)") Further Securities Exchange Board of India vide its circular dated May 13, 2022 followed by the SEBI circular no. SEBI/HO/CFD//PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 05th January 2023 and October 07, 2023 issued by the Securities and Exchange Board of India permitting Listed entities to holding of AGM/EGM through VC/OAVM and to send their Notices or Annual reports in electronic mode ("SEBI Circular).

The electronic copies of the Notice of EGM have been sent to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/Depository Participant(s). The dispatch of Notice of the EGM has been completed on 05th Noember 2024. The above documents are also available on the Company's website i.e. www.akspintex.com, website of the BSE Limited i.e. www.bseindia.com and website of the Central Depository Services (India) Limited i.e. www.evotingindia.com.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is offering remote e-voting facility for its Members enabling them to cast their vote electronically in respect of the business to be transacted at the EGM of the Company. The Company has appointed Central Depository Services (India) Limited (CDSL) to provide e-voting facility.

The remote e-voting will commence from 09:00 A.M on Friday, November 29, 2024, and ends on 05:00 P.M on Sunday, December 01, 2024. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the EGM is MONDAY, November 25,2024. The detailed instructions for remote e-voting process are mentioned at Notes of the Notice of EGM.

The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also participate in the EGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their vote again.

Any person who has acquired the shares and has become a member of the Company after the dispatch of the Notice of the EGM and prior to the Cut-off date, shall be entitled to exercise his/her vote either electronically i.e. remote e-voting or e-voting system on the date of the EGM by following the process mentioned in the Notice of the EGM.

In case of any queries, members may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Rakesh Dalvi (022-23058542/43) or contact Mr. Ashish Kumar Bagrecha,Company Secretary of the Company at 14 K.M. Stone, chittor road, Biliya Kalan, Bhilwara-311001(Raj.), Tel: 91-9887049006 and email akspintex@gmail.com

Pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and the applicable rules thereunder and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Tuesday November 26, 2024, to Monday December 02, 2024 (both days inclusive).

M/s Anil Somani & Associates, (ACS 36055 CP 13379) has been appointed as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting in a fair and transparent manner. The results of the remote e-voting and e-voting at the EGM will be declared on or before Wednesday, 04th December 2024. The Results declared, along with the Scrutinizer's Report, shall be placed on the Company's website at www,akspintex.com and on the website of CDSL i.e. www.evotingindia.com for information of the Members besides being communicated to the Stock Exchange i.e. BSE Limited where the Company's shares are listed.

For A.K. SPINTEX LIMITED
Place: Bhilwara
Ashish Kumar Bagrecha (Company Secretary & Compliance Officer)
Date: 05.11.2024
M. No. A34182

**ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड**
CIN: L14100RJ1991PLC073860
पंजीकृत कार्यालय: पीए-10-006 इंजीनियरिंग और रिलेटेड इंडस्ट्रीज सेज, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी तह.- सांगानेर, जयपुर राजस्थान - 302037 आईएन, दूरभाष: 0141-7191000
ईमेल: cs@globalsurfaces.in, वेबसाइट: www.globalsurfaces.in

**पोस्टल बैलेट की सूचना**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और धारा 108 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के अनुसार कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी परिपत्र संख्या के साथ पढ़ें। 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 और 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ('एसएस-2') द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक-2, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44, ('सेबी सूचीबद्धता विनियम') और अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों और अधिसूचनाओं के अन्य लागू प्रावधानों (समय-समय पर लागू और संशोधित किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित), केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करके पोस्टल बैलट के माध्यम से निम्नलिखित मामले के लिए सदस्यों की स्वीकृति मांगी जा रही है ('रिमोट ई-वोटिंग'):

| क्रमांक | प्रस्तावित संकल्प का विषय | संकल्प का प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. चंदन चौधरी (डीआईएन: 00906211) को कंपनी के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करना | विशेष संकल्प |

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने मंगलवार, 05 नवंबर, 2024 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन शेयरधारकों को पोस्टल बैलेट नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां और स्पष्टीकरणात्मक कथन भेजे हैं, जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 01 नवंबर, 2024 (कट-ऑफ तिथि) तक कंपनी/ आरटीए/ डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत हैं और सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा।

तदनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्रीपेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे के साथ नोटिस की भौतिक प्रति नहीं भेजी जा रही है। इसलिए, जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलेट नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार अपने ईमेल पते पंजीकृत करवा लें। इसके अलावा, कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्हें पोस्टल बैलेट नोटिस नहीं मिला है, वे कंपनी को आवेदन कर सकते हैं और उसकी एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं। उक्त नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.globalsurfaces.in, बीएसई लिमिटेड (बीएसई) की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की वेबसाइट www.nseindia.com के संबंधित अनुभाग पर भी उपलब्ध है, जिस पर कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

एमसीए परिपत्रों के प्रावधानों के अनुसार, सदस्य केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से ही मतदान कर सकते हैं। सदस्यों के मतदान अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि पर उनके द्वारा धारित कंपनी के इक्विटी शेयरों के आधार पर की जाएगी। कोई भी व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर कंपनी का शेयरधारक नहीं है, वह पोस्टल बैलट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से ही लेगा।

कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई-वोटिंग बुधवार, 06 नवंबर, 2024 को सुबह 9 बजे से शुरू होगी और गुरुवार, 05 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे तक चलेगी। इसके बाद NSDL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग सुविधा को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उक्त तिथि और समय के बाद मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, एक बार जब सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, तो उसे बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी प्रश्न के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 / 1800 224 430 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं। बोर्ड ने मेसर्स पिंचा एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज के पार्टनर श्री अक्षित कुमार जांगिड़ (एम.नं.: एफ.सी.एस.11285 सी.पी.नं.:16300) को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतपत्र प्रक्रिया की जांच करने के लिए 'जांचकर्ता' नियुक्त किया है।

जांचकर्ता ई-वोटिंग की जांच पूरी होने के बाद अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और डाक मतपत्र के परिणामों की घोषणा वैधानिक समय-सीमा के भीतर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा विधिवत अधिकृत कंपनी सचिव द्वारा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में की जाएगी और स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट www.globalsufaces.in पर जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ प्रदर्शित भी किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान सहित डाक मतपत्र द्वारा मतदान से संबंधित किसी भी शिकायत/प्रश्न के लिए, शेयरधारक ई-मेल आईडी: cs@globalsurfaces.in पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर सकते हैं या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में उन्हें लिख सकते हैं।

**दिनांक:** 5 नवंबर, 2024
**स्थान:** जयपुर
**पंजीकृत कार्यालय:** प्लॉट नंबर PA-10-006, इंजीनियरिंग एण्ड रिलेटेड इंडस्ट्रिज, सेज, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, तहसील-सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, 302037
**फ़ोन:** 0141-7191000
**ई-मेल:** cs@globalsurfaces.in

वास्ते ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड
Sd/-
धरम सिंह राठौड़
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
ICSI Mem. No. A57411

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हो, भारत-अमेरिका संबंध लगातार बढ़ते रहेंगे : जयशंकर

**बिज़नेस रेमेडीज**
**कैनबरा/आईएएनएस**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को उम्मीद जताई अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम चाहे जो भी हो, भारत-अमेरिका संबंध लगातार बढ़ते रहेंगे। कैनबरा में संसद भवन में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2017 में क्वाड गठबंधन को पुनर्जीवित करने का क्रेडिट दिया, जो भारत-पैसिफिक सहयोग में एक महत्वपूर्ण



डेवलपमेंट था।

जयशंकर ने यह पूछे जाने पर कि यूएस प्रेसिडेंशियल इलेक्शन के बाद भारत-अमेरिका संबंध किस प्रकार विकसित होंगे, उन्होंने कहा, कि हमने पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में स्थिर प्रगति देखी है, जिसमें ट्रंप का पिछला कार्यकाल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इसलिए, जब हम अमेरिकी चुनाव को देखते हैं, तो हमें विश्वास है कि परिणाम चाहे जो भी हो, अमेरिका के साथ हमारे संबंध बढ़ते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रति चुनाव के लिए 5 नवंबर को वोट डाले जाने हैं। चुनाव परिणाम बुधवार सुबह तक घोषित किया जा सकता है। हालांकि देरी संभव है, कभी-कभी परिणामों को अंतिम रूप देने में कई दिन, सप्ताह या एक महीने भी लग सकते हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर वर्तमान में दो देशों की यात्रा पर हैं, 7 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे और 8 नवंबर को सिंगापुर का दौरा करेंगे। वह रविवार को ब्रिस्बेन पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया और एक नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ 15वें विदेश मंत्रियों की फ्रेमवर्क डायलॉग (एफएमएफडी) की सह-अध्यक्षता की। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने पोस्ट किया, आज कैनबरा में विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की फ्रेमवर्क डायलॉग संपन्न हुआ। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहन शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होती है।

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उत्तर कोरिया ने दागी छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल

**बिज़नेस रेमेडीज**
**सियोल/आईएएनएस**

उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को लॉन्च किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने मंगलवार को एक बयान में इसकी पुष्टि की है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने पश्चिमी प्रांत नॉर्थ ह्वांगहे के सारीवोन क्षेत्र में सुबह करीब 7:30 बजे लॉन्च का पता लगाया है। इन मिसाइलों ने समुद्र में गिरने से पहले लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय की। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के एक अधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि उत्तर कोरिया के लेटेस्ट लॉन्च में उसके केएन-25 सुपर लार्ज 600 मिलीमीटर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर शामिल थे। ऐसा माना जाता है कि यह हथियार दक्षिण कोरिया में कहीं भी हमला करने में सक्षम है।

हालांकि, अधिकारी ने दागी गई मिसाइलों की संख्या बताने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, यह मिसाइल लॉन्च उस समय किया गया है, जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला है। इस बीच, दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हथियार परीक्षण कर सकता है, ताकि वह अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके और अपनी परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन कर बाहरी ध्यान आकर्षित कर सके। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को पूर्वी सागर में ह्वासोंग-19 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का लॉन्च किया था। इसके बाद पांच दिन के बाद उत्तर कोरिया ने फिर से छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

# उत्तरी गाजा पट्टी में 94,000 बच्चों को लगाया गया पोलियो का टीका

**बिज़नेस रेमेडीज/**
**संयुक्त राष्ट्र/आईएएनएस**

संयुक्त राष्ट्र समर्थित पोलियो टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण में उत्तरी गाजा पट्टी में 94,000 बच्चों को टीका लगाया गया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों का कहना है कि अभी भी हजारों बच्चों को वैक्सिनेट किया जाना बाकी है।

फिलिस्तीन शरणार्थियों को मदद पहुंचाने वाली यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी इन नियर ईस्ट ने सोशल मीडिया पर कहा कि उत्तरी गाजा में लगभग 79 प्रतिशत बच्चों को पोलियो टीका लगाया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया, बढ़ते संघर्ष के कारण 23 अक्टूबर से स्थगित किए गए टीकाकरण अभियान का तीसरा चरण, शनिवार से सोमवार तक मानवीय विराम के दौरान फिर से शुरू हुआ। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), यूएनआरडब्ल्यूए और भागीदारों के सहयोग से उत्तर में 106 निश्चित स्थलों पर 216 चिकित्सा दल तैनात किए गए। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार 200 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समुदायों को शामिल किया और टीकाकरण प्रयासों को लेकर जागरूकता फैलाई। डब्ल्यूएचओ के एक अधिकारी रिचर्ड पीपरकोर्न ने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तर में सभी बच्चों तक दूसरी और अंतिम खुराक पहुंचाना था। सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों के लिए वीडियो के माध्यम से एक ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमने अपेक्षा से कहीं अधिक बच्चों को टीके लगाए, लेकिन हम कुछ बच्चों को कवर करने से चूक गए। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल से लगातार निकासी आदेशों ने हाल ही में हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। उत्तरी गाजा में अभियान का तीसरा चरण मध्य और दक्षिणी गाजा में दो चरणों के कार्यान्वयन के बाद शुरू हुआ, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 451,200 बच्चों को शामिल किया गया।

# शेयर बाजार में यथार्थवादी रिटर्न की उम्मीदें क्यों जरूरी हैं?

**बिज़नेस रेमेडीज**

हाल ही में भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट ने निवेशकों को चिंतित कर दिया है। पिछले एक महीने में कई प्रमुख सूचकांक काफी नीचे आ चुके हैं, जबकि कुछ क्षेत्रीय सूचकांकों में तो दोहरे अंकों तक की गिरावट दर्ज हुई है। इस गिरावट का मुख्य कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की निरंतर बिकवाली है, जो मार्च 2020 के बाद से सबसे अधिक देखी गई है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि बढ़ते मूल्यांकन, कम होती कमाई, और चीन से जुड़ी आर्थिक चुनौतियाँ।

यह स्थिति उन खुदरा निवेशकों के लिए निराशाजनक है, जो बाजार में निरंतर वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे। हालाँकि, इस गिरावट को लेकर हमें व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। पिछले एक साल में निफ्टी सूचकांक दुनिया के अग्रणी प्रदर्शन करने वाले सूचकांकों में रहा है और 2023 की शुरुआत से उभरते बाजारों में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। बीते दो वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो सालाना 15-16 प्रतिशत के लाभ के बराबर है।

**लंबे समय में यथार्थवादी रिटर्न की उम्मीद करें :** सेंसेक्स के दीर्घकालिक आंकड़ों के आधार पर, पिछले पांच वर्षों में औसत रिटर्न करीब 13.5त्न प्रति वर्ष रहा है। यह दीर्घकालिक औसत निवेशकों के लिए एक यथार्थवादी रिटर्न की उम्मीद का आधार है। लेकिन, महामारी के दौरान आए नए निवेशकों की



इनवेस्टमेंट एक्सपर्ट अवधेश गर्ग

एक पीढ़ी, जिन्होंने हाल में असाधारण रिटर्न देखे हैं, 20 प्रतिशत से अधिक सालाना रिटर्न की उम्मीद करने लगी है।

मार्च 2020 में निफ्टी के निचले स्तर से बाजार में लगभग 3.3 गुना वृद्धि दर्ज की गई। अन्य सूचकांकों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन यह उछाल मुख्य रूप से पहले के कमजोर प्रदर्शन और महामारी की वजह से आई गिरावट के कारण हुई थी। इतनी तेज वृद्धि को सामान्य स्थिति नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह एक अपवाद था, न कि एक सामान्य नियम।

**दीर्घकालिक निवेश का महत्व :** तीन दशकों से अधिक बाजार के उतार-चढ़ाव को देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि निवेश एक लंबी दौड़ है। कोई भी तेजी हमेशा नहीं रहती और न ही मंदी हमेशा टिकती है। मौजूदा बाजार माहौल में, जहाँ ढेर सारी जानकारी आसानी से उपलब्ध है, एक मजबूत नियामक व्यवस्था भी है। लेकिन जानकारी का होना समझ और सही निर्णय का प्रतीक नहीं है।

इसलिए, निवेशकों के लिए संतुलित रिटर्न की उम्मीदें रखना जरूरी है। जो निवेशक ऊंचे रिटर्न की उम्मीद में आते हैं, वे अक्सर निराश होते हैं और गिरावट के समय जल्दी ही बाहर निकल जाते हैं। इसके विपरीत, जो निवेशक यथार्थवादी रिटर्न की उम्मीद के साथ धैर्य रखते हैं, वे उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबी अवधि में लाभ में रहते हैं। 13-15त्न के आसपास के यथार्थवादी रिटर्न की अपेक्षा से निवेश यात्रा को सरल और संतुलित बनाया जा सकता है।

**गिरावट को अवसर के रूप में देखें :** अंततः, बाजार में आई गिरावट अनुशासित निवेशकों के लिए अपनी रणनीतियों को सुधारने का एक मौका होती है। दीर्घकालिक और स्थिर रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करके निवेशक बाजार के उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से सहन कर सकते हैं और समय के साथ अपनी संपत्ति का निर्माण कर सकते हैं। निवेशकों को यह समझना होगा कि धैर्य और अनुशासन ही सफल निवेश का मूल मंत्र है।



# सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड ने साल-दर-साल राजस्व में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ, वित्त-वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में शानदार वृद्धि दर्ज की

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड cGMP के अनुरूप कारोबार का संचालन करने वाली कंपनी है, जिसका API विनिर्माण में ट्रैक रिकॉर्ड बेहद दमदार रहा है, और यह कंपनी एंटी-हिस्टामाइन, एंटी-एलर्जिक, विटामिन, एनेस्थेटिक तथा एंटी-अस्थमेटिक सहित चिकित्सा के अलग-अलग क्षेत्र से संबंधित प्रोडक्ट्स पर विशेष ध्यान देती है। आज इस कंपनी ने वित्त-वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण जारी किए हैं। कंपनी ने दुनिया भर के 86 से ज्यादा देशों में अपना कारोबार फैलाया है।

**Q2 FY25 की मुख्य बातें :**
सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में अपने राजस्व में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी, जो साल-दर-साल 18.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 140.1 करोड़ रुपये की तुलना में 166.1 करोड़ रुपये तक पहुँच गई।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 53.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 120.13 करोड़ रुपये का सकल लाभ दर्ज किया, जो वित्त-वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 78.46 करोड़ रुपये था।

वित्त-वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के दौरान 39.0 प्रतिशत के EBITDA मार्जिन के साथ EBITDA 64.72 करोड़ रुपये रहा, जबकि इसकी तुलना में वित्त-वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 22.7 प्रतिशत के EBITDA मार्जिन के साथ EBITDA 31.75 करोड़ रुपये था। यह पिछले वर्ष की तुलना में 103.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में कर अदायगी के बाद लाभ (PAT) 46.15 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 23.88 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में PAT मार्जिन 27.8 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 17.0 प्रतिशत था।

दूसरी तिमाही के दौरान कारोबार में हुई प्रगति में एनाल्जेसिक और एनेस्थेटिक सेगमेंट की सबसे अहम भूमिका रही, तथा कंपनी के कुल राजस्व में इनकी हिस्सेदारी 54.9 प्रतिशत थी, जबकि वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में इनकी हिस्सेदारी 50.0 प्रतिशत थी। एंटी-अस्थमेटिक सेगमेंट ने पिछले साल की इसी अवधि में 7.2 प्रतिशत की तुलना में 9.2 प्रतिशत का योगदान दिया।

वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में हमारे व्यापार राजस्व में यूरोपीय बाजार का योगदान 45 प्रतिशत है, जो वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 39 प्रतिशत से अधिक है।

एनेस्थेटिक थेरेपी की बात की जाए, तो इस क्षेत्र में कंपनी ने 3 ANDA परियोजनाओं की शुरुआत की है तथा एंटी हाइपरटेंसिव एवं विटामिन के लिए भी ANDA परियोजनाओं पर काम कर रही है।

मौजूदा वित्तीय परिणामों के बारे में सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष एवं WTD, डॉ. सतीश वाघ ने कहा कि हम अनुसंधान एवं विकास के ज़रिये इनोवेशन के अपने संकल्प पर कायम रहे हैं, जिसने हमारे लिए निरंतर प्रगति और विस्तार की राह आसान बना दी है। लोटे परशुराम में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली हमारी R&D लैब की शुरुआत और आगामी अंबरनाथ फैसिलिटी के साथ, हम अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में इज़ाफ़ा करने के लिए नए-नए प्रोडक्ट्स के विकास और CMO/CDMO से जुड़ी संभावनाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी के दायरे को बढ़ाते हुए, हम खास तौर पर विनियमित बाजारों में नए ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने के लिए नियामक तथा सेल्स टीमों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## शीत्सांग में उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 10 अरब युआन से अधिक रही

**बिज़नेस रेमेडीज/**
**बीजिंग/आईएएनएस**

इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में शीत्सांग (तिब्बत) स्वायत्त प्रदेश में उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 67.106 अरब युआन रही, जिसमें साल-दर-साल 6.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जो राष्ट्रीय औसत से 2.9 प्रतिशत ज्यादा है और विकास दर में देश में पहले स्थान पर है।

सितंबर में, शीत्सांग में उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 10.285 अरब युआन रही, जो इतिहास में सबसे अधिक है। इसके अलावा, स्वायत्त प्रदेश की ऑनलाइन खुदरा बिक्री और भौतिक वस्तुओं की ऑनलाइन खुदरा बिक्री दोनों ही विकास दर देश में पहले स्थान पर हैं। शीत्सांग स्वायत्त प्रदेश के वाणिज्य विभाग के उप निदेशक श छंगहुआ के अनुसार, यह वर्ष 'उपभोग संवर्धन का वर्ष' है, शीत्सांग ने एक प्रासंगिक कार्य योजना जारी की है और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए '8 उपाय' जैसी नीतियों और उपायों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। हाल ही में, लकिन कॉफी, छ्वानजुड और पेइचिंग टोंगरेंटांग सहित कई ब्रांडों ने ल्हासा में अपने पहले स्टोर खोले हैं। शीत्सांग शहरी उपभोग शक्ति को बढ़ाने और उपभोग उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था का विकास करने को एक महत्वपूर्ण साधन बनाने का प्रयास करेगा।

# भारत-अल्जीरिया के बीच रक्षा सहयोग के लिए ऐतिहासिक समझौता

**बिज़नेस रेमेडीज**
**नई दिल्ली/आईएएनएस**

एक महत्वपूर्ण पहल के तहत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और अल्जीरियाई पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा ने भारत-अल्जीरिया के बीच महत्वपूर्ण ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह समझौता दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर एक मील का पत्थर स्थापित होगा। यह समझौता न केवल द्विपक्षीय सैन्य सहयोग, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहभागिता की नींव भी रखता है। जनरल अनिल चौहान 1 से 4 नवंबर तक अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने 1 नवंबर, को अल्जीरिया की गौरवशाली क्रांति की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सैन्य परेड और विशिष्ट कार्यक्रमों की श्रृंखला के लिए जनरल सईद चानेग्रिहा की सराहना की। जनरल चौहान ने इस दौरान हायर वॉर कॉलेज के निदेशक से बातचीत की और पीपुल्स नेशनल आर्मी के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। यहां उन्होंने दोनों देशों के साझा इतिहास को रेखांकित किया, जो समान मूल्यों एवं सिद्धांतों पर आधारित संबंधों को बढ़ावा देता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने इस अवसर पर अपनी वैश्विक आकांक्षाओं में अल्जीरिया और भारत, दोनों देशों के भौगोलिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र का मुख्य रणनीतिक दृष्टिकोण उसके भूगोल और ऐतिहासिक अनुभव से ही आकार लेता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता रहा है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की जटिल भू-राजनीतिक स्थिति में हम अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और विश्व के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में एक 'विश्व-बंधु' की तरह जुड़ने की इच्छा रखते हैं।

# पीएनबी ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों और इस वर्ष की थीम 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति' के अनुरूप, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाया।

उद्घाटन समारोह दिल्ली के द्वारका स्थित बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित किया गया, जहां पीएनबी के चेयरमैन श्री के.जी. अनंतकृष्णन, पीएनबी एमडी एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल, पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण (ईडी) - एम. परमशिवम और बिभु पी. महापात्र, बोर्ड के अन्य निदेशक और पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) राघवेन्द्र कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि




अर्पित की व उनकी विरासत को एकता और ईमानदारी/सत्यनिष्ठा के प्रणेता के रूप में सम्मानित किया। पीएनबी एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल ने बैंक की नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सतनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, पीएनबी ने कई आउटरीच और जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया, जिसमें साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) और वॉकथॉन सम्मिलित थे, पीएनबी सीवीओ राघवेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय से झंडी दिखाकर दोनों गतिविधियों का शुभारंभ किया, ताकि भ्रष्टाचार के खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए निबंध और जिंगल, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता जैसी इन-हाउस प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेन्द्र कुमार ने बैंक के सोशल मीडिया हैंडल पर अपने संदेश में सतर्कता के विषय और महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए एक आधार के रूप में कार्य करते हैं। इस वर्ष, आयोग ने पांच प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित तीन महीने का एक अभियान शुरू किया जिसमें क्षमता निर्माण कार्यक्रम, व्यवस्थित सुधार के उपायों की पहचान और उनका कार्यान्वयन, परिपत्रों, दिशानिर्देशों और नियमावलियों को अपडेट करना, 30 जून से पहले प्राप्त शिकायतों का समय पर निपटान और हमारी विशिष्ट डिजिटल उपस्थिति को बढ़ाना सम्मिलित है। पीएनबी ने आयोग के उद्देश्यों के साथ अपनी पहल को संरेखित किया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह राष्ट्र के टिकाऊ विकास का समर्थन करने वाले और एक पारदर्शी प्रणाली को बढ़ावा देने वाले एक मजबूत ढांचे में योगदान करते हुए ईमानदारी/सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखे।

सम्पादकीय

## चीन निर्मित मोबाइल सिग्नल जैमर बनता सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

चीन नित नए पैंतरे लाते रहता है। वहीं देश में तरह-तरह के चीन निर्मित सामान की तो पहले ही भरमार है और अब इसमें चीन निर्मित अवैध 'मोबाइल सिग्नल जैमर' भी शामिल हो गए हैं। जिस स्थान पर



पुनीत जैन

भी ये 'मोबाइल जैमर' लगाए जाते हैं, उसके आसपास की सभी तरह की सैलुलर गतिविधियां ठप्प हो जाती हैं। इनमें इनकमिंग तथा आऊटगोइंग काल, एस.एम.एस. और फोटो आदि भेजना शामिल है। जैमर लगा देने से पहले से चल रही सभी कालें अपने आप ही बाधित होकर कट जाती हैं तथा फोन का डिस्प्ले 'नो नेटवर्क' दिखाने लगता है। किसी वारदात के लिए 'मोबाइल जैमर' के इस्तेमाल करने पर वहां का सारा कम्युनिकेशन ठप्प हो जाता है और घटनास्थल पर हुई कम्युनिकेशन को ट्रैक कर पाना मुश्किल हो जाता है। 'मोबाइल सिग्नल जैमर' बेचने के लिए कैबिनेट सचिवालय ने गाइड लाइन्स भी बनाई हुई हैं। केवल केंद्र सरकार के मंत्रालय/विभाग, राज्य सरकारें/ केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक, प्रतिरक्षा सेनाएं, केंद्रीय प्रतिरक्षा बल ही सार्वजनिक क्षेत्र की आधिकारिक कम्पनियों 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' तथा 'इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' से अपने खास उद्देश्यों के लिए 'जैमर' प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल के सचिवालय से अनुमति लेनी पड़ती है। सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए सशस्त्र सेनाओं और संबंधित प्रतिरक्षा एजेंसियों, पुलिस द्वारा कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जेलों, जहां सुरक्षा के लिए नेटवर्क सिग्नल जाम करना जरूरी हो, राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील कार्य करने वाली सरकारी संस्थाओं, प्रतिरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले अनुसंधान व विकास संगठनों को ही 'जैमरों' के इस्तेमाल की अनुमति है। इसके अलावा आमतौर पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि सहित शीर्ष नेताओं और सुरक्षा बलों के काफिले के साथ 'जैमर' चलते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र के सिग्नल ब्लाक हो जाने के कारण उनके विरुद्ध रची जाने वाली साजिशों के सफल होने की आशंका कम हो जाती है। इसीलिए 'जैमर' की बरामदगी को सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या अवैध रूप से इन 'जैमरों' के आयात के पीछे किसी बड़े नेटवर्क का हाथ तो नहीं। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए अब बाजार में इनकी बिक्री का पता लगाने के लिए मामले की तह तक जाने की तुरंत जरूरत है। इसके लिए केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी 'मोबाइल सिग्नल जैमरों' की अवैध रूप से बिक्री का पता लगाने और उस पर रोक लगाने के लिए तलाशी अभियान तेज किया जाए।

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को टूडो सरकार की शह



ललित गर्ग

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है।

निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खुद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं व भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है।

गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षडयंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा।

पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया।

खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है। कनाडा में कई बार मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे जा चुके हैं। खालिस्तानियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से उनका दुस्साहस ब? रहा है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक विघटनकारी खेल खेल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई देश उस अतिवाद को कैसे पलने दे सकता है। ऐसी अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कार्रवाई से जस्टिन ट्रूडो की सरकार का संकट ही बढ़ेगा और वे और उनके दल का चुनाव में सफाया हो जाने की पूरी आशंका है।



## सान्या मल्होत्रा, मेधा शंकर और मिमी चक्रवर्ती जॉय पर्सनल केयर के नवीनतम टीवीसी में प्रमुख उत्पाद हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**




जैसे-जैसे सर्दी करीब आ रही है, भारतीय घरेलू पर्सनल केयर ब्रांड जॉय पर्सनल केयर ने आरएसएच ग्लोबल के तत्वावधान में अपने प्रमुख विंटर-केयर उत्पाद हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन के लिए एक नया कैंपेन शुरू किया है। इस नए टीवीसी में बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां और ब्रांड एंबेसडर सान्या मल्होत्रा और मेधा शंकर के साथ बंगाली सुपरस्टार मिमी चक्रवर्ती भी शामिल हैं।

नए टीवीसी में, सान्या मल्होत्रा सर्दियों की धूप में आराम कर रही हैं, अपने हाथों और पैरों को धीरे से सहला रही हैं, और अपनी त्वचा को कितना मुलायम महसूस कर रही हैं, इस पर मुस्कुरा रही हैं। पास में, मिमी चक्रवर्ती और मेधा शंकर उत्सुकता से सान्या से उनकी त्वचा की देखभाल के रहस्य के बारे में पूछती हैं। कुछ मजेदार छेड़छाड़ और हल्की-फुल्की नोकझोंक के बाद, सान्या ने आखिरकार अपना रहस्य बताया: जॉय हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन। वह बताती हैं कि कैसे 100त्न बादाम के तेल और शहद का सही मिश्रण त्वचा को गहराई से पोषण देता है, जिससे यह मक्खन जैसी चिकनी और गैर-चिकना हो जाती है। टीवीसी का समापन तीनों द्वारा अपने अनुभव का खुशी से जश्न मनाने के साथ होता है। फिल्म सहजता से दिखाती है कि बॉडी लोशन का गैर-चिकना फॉर्मूला त्वचा पर कैसे पूरी तरह से काम करता है, जिससे यह पूरे सर्दियों के मौसम में पोषित और हाइड्रेटेड रहती है। फिल्म को विभिन्न मीडिया चैनलों जैसे टेलीविजन, यूट्यूब, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जाएगा।टीवीसी के लॉन्च पर जॉय पर्सनल केयर (RSH ग्लोबल) के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा, कि सर्दियों का मौसम, विशेष रूप से उत्तर में, त्वचा की देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण समय होता है, क्योंकि शुष्क हवा में पोषण और गहन नमी दोनों की आवश्यकता होती है। त्योहारों के मौसम के साथ मेल खाने वाला यह समय, एक श्रेणी के दृष्टिकोण से भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। हमारे प्रमुख हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन को सभी बाजारों में ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया जाता है, और इस नए कैंपेन के साथ, हमें विश्वास है कि यह श्रेणी के विकास को आगे बढ़ाएगा और हमारी पहुँच का विस्तार करेगा। टीवीसी में हमारे ब्रांड एंबेसडर की ताज़ा अपील, उनके प्रामाणिक आकर्षण के साथ मिलकर, हमारे ब्रांड के प्रामाणिकता और समावेशिता के मूल मूल्यों को पूरी तरह से दर्शाती है। हमारा माननाहै कि यह सहयोग उपभोक्ताओं के साथ हमारे संबंध को मजबूत करेगा, जिससे हम अपने दर्शकों के साथ और भी गहरे संबंध बना सकेंगे।

नए कैंपेन पर जॉय पर्सनल केयर (RSH ग्लोबल) की मुख्य विपणन अधिकारी पोलोमी रॉय ने कहा कि हम अपने प्रमुख शीतकालीन उत्पाद, हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन के टीवीसी के लिए अपने ब्रांड एंबेसडर को एक साथ लाने के लिए उत्साहित हैं। शहद और बादाम हमेशा से भारतीय संस्कृति और घरों में एक विशेष स्थान रखते हैं, जो अपने गहन पोषण गुणों के लिए जाने जाते हैं, जो हमारे प्रस्ताव, प्रकृति से सुंदर के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। सान्या मल्होत्रा, मिमी चक्रवर्ती और मेधा शंकर जैसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों के साथ सहयोग करने से हमें व्यापक दर्शकों तक पहुँचने में मदद मिलती है। यह कैंपेन न केवल हमारे प्रमुख उत्पाद के लाभों पर प्रकाश डालता है बल्कि बाजार में हमारे ब्रांड की उपस्थिति को भी मजबूत करता है।

सान्या मल्होत्रा ने कहा, कि जॉय पर्सनल केयर के लिए शूटिंग पर लौटना हमेशा ही बहुत खुशी की बात होती है! अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली मिमी चक्रवर्ती और मेधा शंकर के साथ काम करना इस अनुभव को वाकई खास बना देता है। सेट पर रचनात्मकता और ऊर्जा वाकई प्रेरणादायक थी और एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में, मैं इस कैंपेन का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं। मेधा शंकर ने कहा, कि यह कैंपेन मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है। जॉय के हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन को बढ़ावा देने के लिए सान्या और मिमी के साथ साझेदारी करना आनंददायक और फायदेमंद दोनों रहा है। 100त्न बादाम तेल और शहद के अपने बेहतरीन मिश्रण के कारण हनी एंड आलमंड्स बॉडी लोशन सर्दियों के मौसम के लिए आदर्श है।

## ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड का अधिक सेवन कैंसर से कर सकता है बचाव: शोध

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

250,000 से अधिक लोगों पर किए गए एक बड़े शोध में यह बात सामने आई है कि ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड का अधिक सेवन विभिन्न प्रकार के कैंसर से बचाव में सहायक हो सकता है। समय से पहले होने वाले कैंसर के मामलों में वृद्धि के साथ आज कैंसर एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का विषय बनता जा रहा है।

ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड 'हेल्दी फैट्स' हैं और यह शरीर के लिए बेहद ही फायदेमंद है। ये कोशिकाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, मस्तिष्क को स्वस्थ रखने और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने का सही विकल्प हैं। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित शोध के अनुसार ओमेगा-3 का उच्च स्तर कोलन, पेट और फेफड़ों के कैंसर से सुरक्षित रखता है। दूसरी ओर, ओमेगा-6 का उच्च स्तर मस्तिष्क, घातक मेलेनोमा मूत्राशय के अलावा 14 विभिन्न कैंसरों से सुरक्षा प्रदान करता है। जॉर्जिया विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ पब्लिक हेल्थ में डॉक्टरेट के छात्र और प्रमुख लेखक युचेन झांग ने कहा कि ओमेगा-3 और ओमेगा-6 के बढ़े स्तर का सीधा संबंध कैंसर के गिरते दर से है।

झांग ने कहा कि दुनिया भर में कैंसर के मामलों में वृद्धि के बीच यह शोध सुझाव देता है कि औसत व्यक्ति को अपने आहार में इन फैटी एसिड को अधिक मात्रा में शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शोधकर्ताओं ने 250,000 से अधिक लोगों के डेटा का विश्लेषण किया। ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी फिश, नट्स और यहां तक कि कुछ प्लांट ऑयल में भी मौजूद होते हैं। यह हमें अपने भोजन से भरपूर मात्रा में नहीं मिल पाता, इसलिए लोग अक्सर मछली के तेल की खुराक लेते हैं, जो बाजार में सबसे लोकप्रिय आहार गोलियों में से एक है। हालांकि, शोधकर्ताओं ने कहा कि यह सभी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते। शोध से पता चला कि ओमेगा-3 के बढ़े हुए स्तर से पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का जोखिम थोड़ा बढ़ जाता है।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने स्तन कैंसर जागरूकता माह का आयोजन किया

**बिज़नेस रेमेडीज/अहमदाबाद**



मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद की ब्रेस्ट कैंसर सर्जन, डॉ. अनघा ज़ोप

मुख्य रूप से स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में समर्पित है, और इस उपलक्ष्य में मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, शुरुआती चरण में पता लगाने और सभी पहलुओं को शामिल करने वाले उपचार विकल्पों को प्रोत्साहन देने के लिए अपने स्तर से बड़े पैमाने पर प्रयास किए हैं। समय पर इलाज के ज़रिये पीड़ितों की ज़िंदगी बचाने के मिशन के साथ, डॉक्टरों की टीम ने इस महीने हमारे व्यापक स्तन कैंसर कार्यक्रम के माध्यम से, स्तन कैंसर को समझने और उससे निपटने के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने पर विशेष ध्यान दिया। किसी को भी अकेले स्तन कैंसर का सामना नहीं करना पड़े की थीम के साथ इस जागरूकता माह का आयोजन किया गया। अस्पताल का उद्देश्य सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना, इससे संबंधित जानकारी के लिए संसाधन उपलब्ध कराना और इस बात पर चर्चा को सुविधाजनक बनाना है कि शुरुआती पहचान से किस तरह मरीज की जान बचाई जा सकती है।

मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद की ब्रेस्ट कैंसर सर्जन, डॉ. अनघा ज़ोपे स्तन कैंसर कार्यक्रम की कमान संभाल रही हैं। डॉ. अनघा ज़ोपे, ब्रेस्ट कैंसर सर्जन ने स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शुरुआती चरण में इसकी पहचान की अहमियत पर जोर देते हुए कहा - अगर स्तन कैंसर का शुरुआती चरण में पता लग जाए, तो इसका इलाज संभव है जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिलते हैं। हमारा व्यापक स्तन कैंसर कार्यक्रम मरीजों को ठीक होने का सबसे अच्छा मौका प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## डॉ घनश्याम सिंह पी.जी.कालेज में अग्निवीर वायु चयन प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन

**बिज़नेस रेमेडीज/वाराणसी**



विश्वविद्यालय सेवायोजना मंत्रणा केंद्र एवं सेवायोजन विभाग वाराणसी की ओर से सोयेपुर लालपुर स्थित डॉ घनश्याम सिंह पी.जी. कालेज अग्निवीर वायु योजना एक विशेष चयन प्रक्रिया कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आनंदन गुणशेकर कमान अधिकारी, 3 वायुसैनिक चयन केंद्र, भारतीय वायु सेना, कानपुर व सर्जेंट जिलेदार सिंह गुर्जरने विद्यार्थियों को 'अग्निवीर वायु' चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में भर्ती होने के अवसरों और चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में जागरूक करना था।

विंग कमांडर ने विद्यार्थियों को बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती कार्यक्रम में फिजिकल फिटनेस, मेडिकल टेस्ट और लिखित परीक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को इन सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। विंग कमांडर ने चयन प्रक्रिया के दौरान मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सवाल-जवाब सत्र में भी हिस्सा लिया, जिसमें विंग कमांडर ने विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों का उत्तर देते हुए उन्हें भारतीय वायुसेना में कैरियर के बारे में मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय प्रबंधक नागेश्वर सिंह ने छात्रों को अपने भविष्य के रोजगार के लिए इच्छानुरूप रोजगार के अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वागत महाविद्यालय के प्रशासक संजीव सिंह एवं आभार एवं धन्यवाद प्राचार्य डॉ आनंद सिंह व्यक्त किया। इस अवसर वायु सैनिक चयन केंद्र कानपुर के कमान अधिकारी विंग कमांडर आनंदन गुणशेकर, सर्जेंट जिलेदार सिंह गुर्जर, रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह, सेवा योजन विभाग के कैरियर काउंसिलिंग प्रभारी आजाद यादव, डॉ डी. वी. सिंह, डॉ ज्योति सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने अक्टूबर में 1,20,055 वाहनों की बिक्री की

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** जापानी दोपहिया वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटरसाइकिल की भारत में वाहनों की बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 1,20,055 इकाई हो गई। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमपीआईएल) ने बताया, घरेलू बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सर्वाधिक 1,04,940 इकाई रही, जबकि अक्टूबर 2023 में यह 84,302 इकाई थी। कंपनी ने कहा, निर्यात समीक्षाधीन महीने में सात प्रतिशत घटकर 15,115 इकाई रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 16,205 इकाई था। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के प्रबंध निदेशक केनिची मेडा ने कहा, ''बिक्री का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना सुजुकी में हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।''

# हीरो मोटोकॉर्प ने त्यौहारी सीजन में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री का रिकॉर्ड बनाया

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया में मोटरसाइकल और स्कूटर बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, ने नवरात्रि से शुरू हुए अपने हालिया 32 दिनों के फेस्टिव पीरियड में सबसे ज्यादा रिटेल बिक्री की है। कंपनी ने 15.98 लाख से ज्यादा गाड़ियों की बिक्री करते हुए 2023 के फेस्टिव सीजन की तुलना में शानदार 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है।

हीरो मोटोकॉर्प के उत्पादों की मांग में तेजी शहरी तथा ग्रामीण भारत में स्पष्ट दिखी। इस तेजी में 125सीसी मोटरसाइकल सेगमेंट की एक्सट्रीम 125आर का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा, जबकि बिक्री के मामले में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन में 100सीसी सेगमेंट का योगदान भी सकारात्मक रहा। हीरो मोटोकॉर्प के इलेक्ट्रिक व्हीकल ब्रैंड विडा ने इस अवधि में 11600 यूनिट्स की खुदरा बिक्री के साथ एक महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया। विडा का नेटवर्क लगातार बढ़ रहा है और उसे हीरो प्रीमिया तथा हीरो 2.0 आउटलेट्स का सहयोग भी मिल रहा है। इसके साथ ही टॉप 30 टाउन्स में ज्यादा जोर दिये जाने से सकारात्मक नतीजे मिल रहे हैं। पोर्टफोलियो के आगामी विस्तार से ब्रैंड को और भी तेजी मिलेगी। हार्ले-डेविडसन एक्स 440 की 2800 से ज्यादा यूनिट्स बिकी हैं, जो इस ब्रैंड की लोकप्रियता दिखाती है। कंपनी का लक्ष्य इस वित्त-वर्ष के अंत तक प्रीमिया नेटवर्क को बढ़ाकर 100 से ज्यादा जगहों पर पहुँचाना है। इससे महत्वाकांक्षी ब्रैंड की पहुँच तथा सुलभता बढ़ेगी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा, ''हमने लगातार दूसरे वर्ष सबसे ज्यादा फेस्टिव रिटेल सेल्स हासिल की हैं और यह प्रमाण देता है कि हीरो मोटोकॉर्प को भारत में कितना पसंद किया जाता है। अपने लाखों ग्राहकों के अटूट भरोसे के लिये हम आभारी हैं। देश के ज्यादातर भागों में गति और वृद्धि अच्छी रही और त्यौहार के सीजन के बाद वाले आधे हिस्से में ग्रामीण अंचलों ने शहरों जितना कमाल कर दिखाया। हमें आशा है कि यह गति जारी रहेगी और बाकी बचे साल को लेकर भी हमारी सोच सकारात्मक है।'' त्यौहारों के दौरान हीरो मोटोकॉर्प के बेजोड़ प्रदर्शन ने उसकी अग्रणी स्थिति को और भी मजबूत बनाया है। कंपनी लगातार नवाचार, ग्राहक संतोष और बिक्री के मजबूत नेटवर्क पर केन्द्रित है। इससे पता चलता है कि वह उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद देने और अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतें पूरी करने के लिये प्रतिबद्ध है।

## अशोक लेलैंड की कुल बिक्री अक्टूबर में नौ प्रतिशत घटकर 15,310 इकाई रही

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता एवं हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की अक्टूबर में कुल वाहन बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 15,310 इकाई रह गई। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में कुल 16,864 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने कहा, निर्यात सहित कुल मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएंडएचसीवी) की बिक्री पिछले महीने 9,408 वाहन रही, जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गए 10,185 एमएंडएचसीवी से आठ प्रतिशत कम है। समीक्षाधीन अवधि में हल्के वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री (घरेलू एवं निर्यात) भी सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 5,902 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में कुल घरेलू बिक्री (एम एंड एचसीवी एवं एलसीवी) 11 प्रतिशत घटकर 14,067 वाहन रह गई, जो एक साल पहले 15,759 इकाई थी।

## भारत का ईवी चार्जिंग बाजार वर्ष 2030 तक 3.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमानः रिपोर्ट

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ भारत का ईवी चार्जिंग बाजार तेजी से बढ़ने का अनुमान है। मंगलवार को आई एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग बाजार 2030 तक 3.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। वैश्विक स्तर पर, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बाजार में वृद्धि होने की संभावना है। इसका राजस्व 2030 में बढ़कर 164 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, 2023 में ये 25.9 बिलियन डॉलर था। जो करीब 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। लीडिंग टेक-इनेबल्ड मार्केट इंटेलिजेंस फर्म 1 लैटिस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में यह वृद्धि दर 16 प्रतिशत सीएजीआर रहने की उम्मीद है और पर्यावरण संबंधी चिंताओं और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता



चलन इस वृद्धि में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक है।

1लैटिस के औद्योगिक सामान और सेवा निदेशक अभिषेक मैती ने कहा, 'भारत का ईवी बाजार 2030 तक 3.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचने वाला है, फास्ट-चार्जिंग टेक्नोलॉजी और बैटरी-स्वैपिंग सॉल्यूशन रेंज की चिंता को दूर करने और रोजमर्रा के यूजर्स के लिए ईवी को अधिक प्रैक्टिकल बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।' भारत में बैटरी स्वैपिंग, विशेष रूप से दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए, एक लोकप्रिय समाधान के रूप में उभर रही है, प्रमुख ऑटो कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए बैटरी-स्वैपिंग टेक्नोलॉजी में निवेश कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश 2018 और 2023 के बीच लगभग 30 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है। भारत में भी इसी अवधि के दौरान 35 प्रतिशत की सीएजीआर के साथ मजबूत निवेश वृद्धि देखी गई है। पिछले महीने के अंत में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की एक दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार देश में अधिक ईवी उत्पादन और सप्लाई चेन के अधिक स्थानीयकरण पर जोर दे रही है, जो देश को 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगा।

# होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2024 में बेचीं 5,97,711 युनिट्स

**बिजनेस रेमेडीज/गुरूग्राम।** त्योहारों के महीने में सकारात्मक संवेग के साथ साल को जारी रखते हुए और दो आंकड़ों में विकास दर्ज करते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अक्टूबर 2024 के लिए अपने सेल्स के आंकड़ों की घोषणा की है। माह के दौरान कंपनी ने 5,97,711 युनिट्स डिस्पैच कीं, और 21 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी दर्ज की है। इसमें 5,53,120 युनिट्स की डोमेस्टिक बिक्री और 44,591 युनिट्स का निर्यात शामिल है। माह के दौरान डोमेस्टिक बिक्री में 20 फीसदी सालाना बढ़ोतरी हुई, वहीं पिछले साल की समान अवधि की तुलना में निर्यात में भी 48 फीसदी की शानदार बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई अप्रैल-अक्टूबर 2024 के बीच 37,56,088 युनिट्स की कुल बिक्री दर्ज कर चुकी है, जिसमें 34,34,539 युनिट्स की डोमेस्टिक बिक्री तथा 3,21,549 युनिट्स का निर्यात शामिल है।

**अक्टूबर 2024 के मुख्य बिन्दु**

कारोबार की उपलब्धियां: एचएमएसआई ने मध्य भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड और छत्तीसगढ़ में कुल 1 करोड़ दोपहिया वाहनों की बिक्री के साथ शानदार उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने कर्नाटक में 5 मिलियन युनिट्स की बिक्री की उपलब्धि हासिल की है, ऐसे में यह जीवंत दक्षिण भारतीय राज्य में दोपहिया वाहनों के पसंदीदा विकल्प के रूप में अपनी स्थिति को बेहद मजबूत बना चुकी है।

**प्रोडक्ट:** एचएमएसआई ने नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल के लॉन्च के साथ, हरित परिवहन समाधानों की तरफ देश के रूपान्तरण में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। रु 1,70,000 (एक्सशोरूम, दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध यह भारत की पहली 300 सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है।

**नेटवर्क में विस्तार:** #GoRidin के उत्साह को बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने कलमस्सेरी, कोची (केरल) में बिगविंग डीलरशिप का उद्घाटन किया।

**सड़क सुरक्षा:** भारत में सड़क सुरक्षा जागरुकता का विस्तार करते हुए एचएमएसआई ने देश के 10 शहरों- बीकानेर (राजस्थानल), पलघर (महाराष्ट्र), डॉ अम्बेडकर नगर (मध्य प्रदेश), शिलोंग (मेघालय), कांचीपुरम (तमिलनाडु), नेलोर (आन्ध्र प्रदेश), होशियारपुर (पंजाब), तुमकुर (कर्नाटक), झांसी (उत्तर प्रदेश) और मुजफ्फरपुर (बिहार), में जागरुकता अभियानों का आयोजन किया। कंपनी ने करनाल (हरियाणा) में अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की सातवीं सालगिरह और बैंगलोर (कर्नाटक) में अपने सेफ्टी ड्राइविंग एजुकेशन सेंटर की चौथी सालगिरह का जश्न भी मनाया। इसके अलावा एचएमएसआई ने वर्तमान में चल रही अपनी परियोजना 'हमारी भावी पीढ़ी के लिए मानसिकता विकास के तहत- करनाल (हरियाणा) में स्कूली प्रधानाध्यापकों के साथ एक सड़क सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन भी किया।

**मोटरस्पोर्ट्स:** होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर मोहसीन पराम्बन ने आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टैलेंट कप एनएसएफ250 के 2024 सी?न में 10 रेसों में से 7 में जीत हासिल करते हुए शानदार जीत अपने नाम की।

**विविध**

# एयर इंडिया ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए कर रही है अभूतपूर्व डिजिटल नवोन्मेष

**बिजनेस रेमेडीज।** भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन, एयर इंडिया ने अपनी पंचवर्षीय परिवर्तन योजना, विहान.एआई की दूसरी वर्षगांठ पूरी की। सितम्बर 2022 में पेश किए गए इस रणनीतिक खाके का उद्देश्य है, पांच प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित कर एयरलाइन को नया स्वरूप प्रदान करना, जिनमें ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाना, परिचालन उत्कृष्टता, प्रतिभा विकास, उद्योग नेतृत्व, डिजिटल नवोन्मेष, सुव्यवस्थित परिचालन शामिल है। एयरलाइन परिवर्तन के अगले चरण में प्रवेश कर रही है और ऐसे में यह डिजिटल नवोन्मेष का लाभ उठा रही है, परिचालन को सुव्यवस्थित कर रही है और विस्तारा के साथ ऐतिहासिक विलय की तैयारी कर रही है। एयर इंडिया ने पिछले दो साल में, अपने प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने के लिए 200 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल और प्रौद्योगिकी अधिकारी, डॉ सत्य रामास्वामी के नेतृत्व में एयर इंडिया की डिजिटल और प्रौद्योगिकी टीम द्वारा संचालित इस परिवर्तन में क्लाउड-आधारित प्लेटफार्मों पर माइग्रेट करना, नए एप्लिकेशन विकसित करना और कस्टमर-फेसिंग टूल जैसे वेबसाइट और मोबाइल ऐप का आधुनिकीकरण करना शामिल है। इन प्रयासों के अंग के रूप में, वेबसाइट और मोबाइल ऐप को तेज बुकिंग विकल्प, रियल टाइम नोटिफिकेशन और बढ़ी हुई उपयोगिता के साथ एक सहज और सहज उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के लिए नए सिरे से इंजीनियर किया गया है। पुराने बेड़े में उन्नत प्रणालियों से जोड़ने की जटिलताओं के बावजूद, एयरलाइन अपने इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) सिस्टम को उन्नत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव प्रदान किया जा सके। इस रिडिजाइन के जरिये एयरलाइन, विमान में एक सुसंगत, वैयक्तिकृत आईएफई अनुभव प्रदान करना चाहती है, जो अपेक्षाकृत अधिक सुविधा के लिए यात्रियों के व्यक्तिगत उपकरणों (पर्सनल डिवाइस) के जरिये सुलभ हो। एयरलाइन के सबसे बेहतरीन इनोवेशन में से एक है इसका एआई-पावर्ड चैटबॉट, एआई.जी जिसे मई 2023 में लॉन्च किया गया था। एआई.जी बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के ग्राहकों के 97% सवालों का स्वायत्त रूप से जवाब देता है। एआई.जी ने प्रतीक्षा समय को कम कर, संवाद को व्यक्ति गत बनाकर और चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित कर ग्राहक सेवा को काफी बेहतर बनाया है। चैटबॉट वेबसाइट, मोबाइल ऐप और कॉल सेंटर में सहजता से एकीकृत है, जो हर टचपॉइंट पर निरंतर सहायता प्रदान करता है। एयर इंडिया ने सिर्फ दो साल में 140 सिस्टम को अपग्रेड कर और उन्हें तैनात कर बड़ा प्रौद्योगिकी सुधार भी हासिल किया है। इस व्यापक अपग्रेड में क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म पर माइग्रेशन शामिल है, जो बढ़ी हुई मापनीयता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। एयरलाइन ने प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और दक्षता में सुधार करने के लिए क्रू प्रबंधन, सुरक्षा प्रणालियों और आंतरिक संचालन के लिए नए उपकरण भी पेश किए हैं। इसके अतिरिक्त , पायलटों, केबिन क्रू और हवाई अड्डे के संचालन कर्मचारियों को मोबाइल डिवाइस प्रदान किए गए हैं, जो उन्हें रीयल टाइम डेटा के साथ सशक्त बनाते हैं और विभिन्न किस्म के कार्यों में दिन-प्रतिदिन के प्रदर्शन को बढ़ाते हैं। एयर इंडिया की परिवर्तन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, विस्तारा का आगामी विलय जो टाटा समूह की समेकन (कंसोलिडेशन) रणनीति के हिस्से के रूप में 12 नवम्बर, 2024 को होना निर्धारित है। एकीकरण प्रक्रिया में पहले से ही विस्तारा से 270,000+ यात्री आरक्षण और 4.5 मिलियन लॉयल्टी सदस्यों का एयर इंडिया के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरण होना शामिल है।

विलय के बाद, एयर इंडिया प्रतिदिन 700 से अधिक उड़ानें संचालित करेगी, जिससे उसका घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क विस्तारित होगा। जबकि विस्तारा की उड़ानें शुरू में अपने मौजूदा सेवा मानकों को बनाए रखेंगी और कोड 'एआई2' के तहत संचालित होंगी, वे समय के साथ एयर इंडिया के उड़ान कोड को अपनाएंगी।

## ई-कॉमर्स साइट्स ने 1 लाख करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के छोटे शहरों और कस्बों में निजी खपत और मांग बढ़ने के साथ त्योहारी सीजन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए शानदार रहा। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते ट्रेंड के साथ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने महीने भर चलने वाले त्योहारी सीजन में सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक दर्ज किया है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, यह देश में प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पिछले साल की त्योहारी बिक्री से 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। 26 सितंबर से शुरू हुई त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह में अकेले 55,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो कुल बिक्री का लगभग आधा है। ई-कॉमर्स कंसल्टेंसी डेटम इंटेलिजेंस ने इस त्योहारी सीजन में बिक्री में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन कैटेगरी में तेजी आई, जबकि अन्य कैटेगरी जैसे ब्यूटी और पर्सनल केयर, होम और क्विक कॉमर्स लेड ग्रॉसरी में सामान्य रूप से बेहतर कारोबार (बीएयू) प्रदर्शन रहा। क्विक कॉमर्स ने 2023 से बेहतर प्रदर्शन किया है।



## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने मेक्सिको को विशेष धातु शोधन के साथ क्रिटिकल प्रोसेस इक्विपमेंट की आपूर्ति की

### महत्वपूर्ण रिफाइनिंग कार्यों को सपोर्ट करने के लिए रिएक्टरों और कॉलम की आपूर्ति के साथ अपने ग्लोबल फुटप्रिंट को किया और मजबूत

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस ने मेक्सिको में दो रिफाइनरियों को 20से अधिक महत्वपूर्ण उपकरणों के सफल निर्माण और उन्हें डिस्पैच करने की घोषणा की है। पिछले 3 वर्षों में, गोदरेज एंड बॉयस ने यूएसए और मेक्सिको में विभिन्न महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित परियोजनाओं के लिए आपूर्ति के माध्यम से अमेरिका में अपने बाजार हिस्से में काफी वृद्धि की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में क्रिटिकल प्रोसेस इक्विपमेंट सफलतापूर्वक वितरित करके, गोदरेज एंड बॉयस ने ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारतीय मैन्यूफेक्चरिंग की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया है, जो दुनिया के लिए 'मेक इन इंडिया' की भावना को दर्शाता है। ये उपकरण स्थानीय आर्थिक विकास में योगदान देने और देश की रिफाइनरियों को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के रिफाइनरियों के लक्ष्यों को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस सफल निष्पादन में एडवांस किस्म के उच्च-दबाव रिएक्टर और बड़े कॉलम भी शामिल हैं, जिसमें रिएक्टर में विशेष क्रोम मोली वैनेडियम स्टील निर्माण शामिल है। यह एडवांस मेटलर्जी असाधारण शक्ति और स्थायित्व के साथ-साथ जंग, गर्मी और घिसाव के प्रति बेहतर प्रतिरोध प्रदान करता है - जो रिफाइनरी संचालन के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्ररुप की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड, हुसैन शरियार ने कहा, ''इन महत्वपूर्ण रिएक्टरों और कॉलम की सफल डिलीवरी से यही साबित होता है कि ग्लोबल क्लाइंट हमारी एडवांस मैन्यूफेक्चरिंग क्षमताओं में पूरा भरोसा करते हैं।




प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166' पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com